हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, मंगलवार 11 मार्च 2025

तापमान

अधिकतम 35.0 डिग्री

न्यूनतम 21.0 डिग्री



राजेन्द्र नगर चौक के पास गैस पाइप लाइन के लिए की जा रही खोदाई।



बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183

## न्यूनतम तापमान में तेजी से बढ़त

**बिलासपुर।** गर्मी अपने तेवर दिखाने लगी है। अचानक आई ठंड गायब हो चुकी है और दिन के साथ ही रात में भी गर्मी का एहसास हो रहा है। सोमवार को न्यूनतम तापमान में जबरदस्त बढ़ोत्तरी देखी गई। इस दौरान पारा सामान्य तापमान से 3 डिग्री बढ़ते हुए 21 डिग्री दर्ज किया गया। गर्मी के तेवर दिनोंदिन तीखे हो रहे हैं, ऐसे में लोग गर्मी से राहत पाने की जुगत में लग चुके हैं। सोमवार को अधिकतम तापमान 35 डिग्री दर्ज किया गया है।

# 60 हजार से अधिक पैन कार्ड होंगे बंद, आधार से नहीं कराया है अभी तक लिंक, अब देना पड़ेगा दोगुना टीडीएस भी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अलग खबर

जिले के 60 हजार से अधिक पैन कार्ड धारकों ने इसे आधार कार्ड से लिंक नहीं कराया है। 31 मार्च इसके लिए आखिरी तारीख है। ऐसे लोगों के पैन कार्ड बंद किए जाएंगे या फिर इन्हें अधिक टैक्स भरना पड़ेगा। आयकर विभाग ने इसके लिए अलग से चेतावनी जारी की है। आयकर विभाग के मुताबिक कई लोगों ने दो दो पैन कार्ड बनवा लिए हैं तो कुछ ऐसे भी हैं जिनकी मौत हो गई है और उनके पैन कार्ड निरस्त नहीं करवाए गए हैं। इसकी जानकारी जुटाई जा रही है। जिन लोगों ने पैन कार्ड को आधार से लिंक नहीं कराया है उनके कार्ड निष्क्रिय किए जाएंगे।

ज्ञात हो कि पैन कार्ड को आधार से लिंक नहीं कराने पर ज्यादा टैक्स भरना पड़ सकता है। आयकर नियमों के मुताबिक, अगर पैन आधार से लिंक नहीं है, तो उस पर कटने वाला टीडीएस दोगुना हो जाएगा। आयकर अधिकारियों के अनुसार इस कदम के पीछे का मकसद देश में टैक्स चोरी और पैन कार्ड से जुड़ी धोखाधड़ी पर लगाम लगाना है।

आयकर विभाग ने बैंकों और फॉरेक्स डीलरों सहित संस्थाओं को भी 31 मार्च तक निर्धारित वित्तीय लेनदेन का विवरण (एसएफटी) दाखिल करने के लिए कहा था। ध्यान रहे कि एसएफटी भरने वाली संस्थाओं में फॉरेक्स डीलर, बैंक, उप-पंजीयक, एनबीएफसी, डाकघर, बॉन्ड/डिबेंचर जारीकर्ता, म्यूच्यूअल फंड ट्रस्टी, डिविडेंड का भुगतान करने वाली या शेयर वापस खरीदने वाली कंपनियां शामिल हैं। इन संस्थाओं को साल भर में होने वाले कुछ खास वित्तीय लेनदेन या उनके द्वारा रखे गए खातों का विवरण देना होता है। बता दें कि एसएफटी देर से भरने पर हर रोज 1000 रुपए तक का जुर्माना लग सकता है। इसके साथ ही एसएफटी न भरने या गलत जानकारी देने पर भी जुर्माना लगाया जा सकता है। आयकर विभाग एसएफटी के जरिए लोगों के अधिक वैल्यू वाले लेनदेन पर नजर रखता है।

» कई लोगों ने दो-दो पैन कार्ड बनवा लिए हैं

» कुछ ऐसे भी हैं जिनकी मौत हो गई लेकिन रद्द नहीं




### इन कामों में होगी परेशानी

- कोई भी और किसी भी प्रकार का निवेश करने में दिक्कत
- म्यूचुअल फंड तक में किसी तरह का निवेश नहीं कर पाएंगे
- किसी भी प्रकार की एफडी बिलकुल बेकार हो जाएगी
- बैंकों में अकाउंट के ऑपरेशन में दिक्कत आने वाली है
- ऑनलाइन ऐप के जरिए जो भी ट्रांसजेक्शन हैं उनमें समस्या होगी
- केवाईसी में भी बहुत परेशानी होगी
- किसी भी प्रकार की प्रॉपर्टी खरीद में समस्या का सामना होगा
- शेयरों में कारोबार करने वालों को समस्या का सामना करना होगा

### जारी की गई चेतावनी

पैन कार्ड को आधार से लिंक कराने की अंतिम तिथि 31 मार्च है। जिन्होंने लिंक नहीं कराया है उनके पैन कार्ड बंद किए जाएंगे या फिर इन्हें अधिक टैक्स भरना पड़ेगा। आयकर विभाग ने इसके लिए अलग से चेतावनी जारी की है। पैन कार्ड एक्टिव कराने के लिए 1000 रुपए पेनल्टी देनी होगी।

- राज गोयल, कर सलाहकार

### लिंक न होने पर पैन हो जाएगा निष्क्रिय

इनकम टैक्स डिपार्टमेंट के अनुसार अगर कोई पैन कार्ड होल्डर्स पैन को आधार से लिंक नहीं कराता है, तो उनके पैन को इनऑपरेटिव घोषित कर दिया जाएगा। इसके बाद वित्तीय लेनदेन में पैन का इस्तेमाल नहीं हो पाएगा। यह भी जान लीजिए कि अगर आप अपने बैंक अकाउंट से 50 हजार रुपए से ज्यादा की रकम निकाल या जमा कर कर रहे हैं तो आपको पैन कार्ड दिखाना पड़ता है। ऐसे में पैन के निष्क्रिय होने पर आप 50 हजार रुपए से ज्यादा का लेन देन नहीं कर सकेंगे।

### पेनाल्टी के बाद भी एक महीने तक रहेगा इनएक्टिव

अधिकारियों के मुताबिक सेंट्रल बोर्ड ऑफ डायरेक्ट टैक्सेस ने एक नोटिफिकेशन जारी किया था। इस नोटिफिकेशन में इनएक्टिव पैन कार्ड को एक्टिव कराने के प्रोसेस के बारे में बताया गया था। इसमें बताया गया था कि पैन कार्ड एक्टिव कराने के लिए 1000 रुपए पेनल्टी देनी होगी। साथ ही अथॉरिटी को आधार कार्ड की सूचना देनी होगी। इससे 30 दिन के अंदर आपका पैन कार्ड फिर से एक्टिव हो जाएगा। हालांकि इनएक्टिव पैन कार्ड को एक्टिव भी कराते हैं, तो भी 1 महीने तक आप बिना पैन कार्ड के रहेंगे। उदाहरण के लिए अगर कोई शख्स 1 अप्रैल को पेनल्टी भरकर पैन कार्ड को आधार से लिंक करने की रिक्वेस्ट देता है तो उसका पैन कार्ड 30 अप्रैल के बाद ही एक्टिव हो पाएगा।

## दवा व सर्जिकल उपकरण सप्लाई करने का झांसा
# 3 करोड़ 15 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दवा व सर्जिकल उपकरणों की सप्लाई करने का झांसा देकर शहर के व्यापारी से 3 करोड़ 15 लाख रुपए की ठगी कर ली गई है। पुलिस धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

सकरी टीआई रजनीश सिंह ने बताया, तिफरा आर्या कालोनी निवासी राकेश खरे पिता स्व. प्रकाश खरे 59 साल ने रिपोर्ट लिखाई। वे मेडिकल एवं सर्जिकल आइटम व चिकित्सकीय उपकरण की सप्लाई करते हैं। वर्ष 2021 में उनकी गुवाहाटी असम के रहने वाले नरेन्द्र सिन्हा से मुलाकात हुई। उन्होंने खुद को एक काउंसिल का मेंबर होने की जानकारी देते हुए व्यापार बढ़ाने में सहयोग करने का आश्वासन दिया। उसके बाद मई 2021 फेस मास्क, पीपीई किट, ग्लब्स आदि आर्डर की कापी भेजी, इसमें आर्डर मल्य 14 करोड़ का था। उन्होंने गुवाहाटी में विवेक फुकान व हिरेन्द्र सिन्हा से उनकी मुलाकात कराई और कहा कि ये लोग जरमीनेट एवं श्यामा मेडिकोज के मालिक हैं और फेस मास्क, पीपीई किट, ग्लब्स इत्यादि के सप्लाइयर हैं, ये सब आइटम सप्लाई करेंगे। उन्होंने विवेक फुकान जरमीनेट अलग अलग किश्तों में 1 करोड़ 35 लाख का भुगतान किया। उसके बाद श्यामा मेडिकोज को 17 मई को 50 लाख, 18 मई को 50 लाख, 8 जून को 25 लाख, 30 जून को 25 लाख रुपए दिया। इस तरह उन्होंने तीनों को 3 करोड़ 15 लाख रुपए अपनी मेसर्स जान्हवीं सेल्स के खाते से आरटीजीएस के माध्यम से दिया है। उसके बाद भी उन्हें सामान की सप्लाई नहीं की गई है। मांगने पर पैसा वापस नहीं किया जा रहा है। पुलिस ने राकेश खरे की रिपोर्ट पर नरेन्द्र सिन्हा एवं अन्य के खिलाफ धारा 420, 34 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।



# पावर ऑफ एटार्नी लेकर दूसरे की जमीन को 27 लाख में बेचा, 9 साल बाद कांग्रेस नेता गिरफ्तार, गया जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोर्ट के आदेश पर पावर आफ एटार्नी के आधार पर दूसरे की जमीन को 27 लाख रुपए में बेचने के मामले में कांग्रेस नेता सुधांशु मिश्रा के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया था। 9 साल बाद पुलिस ने कांग्रेस नेता को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

सरकण्डा थाना के एसआई कृष्णा साहू ने बताया, सरकण्डा जोरापारा निवासी सोनिया बाई की जोरापारा में खसरा नम्बर 2024 / 1, खसरा नम्बर 2024 / 4, खसरा नम्बर 2024/ 5, खसरा नम्बर 2024 / 6 कुल 56 डिस्मिल जमीन थी, उन्होंने अपनी जमीन दूसरों को बेच दी थी। खसरा में सड़क व नाली की जमीन दिख रही थी, जिसका फायदा उठाते हुए सोनगंगा कालोनी निवासी कांग्रेस नेता सुधांशु मिश्रा पिता मनोहर लाल मिश्रा 39 साल ने सोनिया बाई से पावर आफ एटार्नी लेकर पटवारी से सांठगाठ कर उक्त जमीन का फर्जी 22 बिंदु बनवाया और जमीन 27 लाख रुपए में दूसरे को बेच दिया। रजनीश साहू ने उक्त फर्जी तरीके से जमीन बेचने वाले सुधांशु मिश्रा के खिलाफ कोर्ट में परिवाद पेश किया गया था। वर्ष 2016 में कोर्ट के आदेश पर परिवाद से सरकण्डा थाने में सुधांशु मिश्रा के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर खानापूर्ति कर ली गई थी। मामले में सुधांशु मिश्रा की गिरफ्तारी नहीं की जा रही था। 9 साल बाद 10 मार्च को सरकण्डा पुलिस ने सुधांशु मिश्रा को उक्त प्रकरण में गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।



कोर्ट के आदेश के बाद दर्ज हुआ था मामला

## एडवांस लेकर जमीन दूसरे को बेच दिया, जुर्म दर्ज

13 लाख रुपए में जमीन बेचने का झांसा देकर एक व्यक्ति से 3 लाख 50 हजार रुपए एडवांस लेकर दूसरे को जमीन बेचने वाले मां बेटे के खिलाफ पुलिस ने धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर लिया है।

सरकण्डा थाना के एएसआई दिनेश तिवारी ने बताया, बैकुंठपुर डबरीपारा निवासी मो. सद्दाम कुरैशी पिता इस्राइल 35 साल ने रिपोर्ट लिखाई। मो. गौस व उसकी मां अकबरी बेगम ने अपनी मोपका स्थित जमीन को बेचने के लिए श्री कुरैशी से मुलाकात की। जमीन देखने के बाद उनके बीच 13 लाख रुपए में जमीन खरीदने का सौदा तय हो गया। श्री कुरैशी ने मां बेटे को चेक के माध्यम से 3 लाख 50 हजार रुपए एडवांस दिया और शेष रकम रजिस्ट्री के समय देने को कहा गया था। श्री कुरैशी ने उक्त जमीन की फौती उठाने के लिए राजस्व विभाग में आवेदन किया तो जानकारी हुई। उक्त जमीन गोल्डी महार नामक व्यक्ति पर है। उन्होंने पतासाजी की तो जानकारी मिली कि उनसे 3 लाख 50 हजार रुपए एडवांस लेकर मां बेटे ने उक्त जमीन को दूसरे को बेच दिया है। पुलिस ने श्री कुरैशी की रिपोर्ट पर मो. गौस व उसकी मां अकबरी बेगम के खिलाफ धारा 420, 34 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।




## क्रेडिट कार्ड अपडेट का झांसा, सवा लाख की ठगी

क्रेडिट कार्ड अपडेट करने का झांसा देकर एक युवक से 1 लाख 23 हजार रुपए की आनलाइन ठगी कर ली गई है। पुलिस अपराध कायम कर जांच में जुट गई है। कोतवाली टीआई विवेक पाण्डेय ने बताया, तेलीपारा निवासी रविन्द्र कुमार गुप्ता पिता जगदीश गुप्ता के मोबाइल में अनजान मोबाइल नम्बर से फोन आया। फोन करने वाले ने अपने आपको बैंक अधिकारी बताकर उन्हें क्रेडिट कार्ड अपडेट कराने कहा। कार्ड अपडेट करने के लिए उनके मोबाइल में एक लिंक भेजा गया। श्री गुप्ता ने लिंक सर्च किया तो उनके बैंक खाते से 1 लाख 23 हजार, 548 रुपए ट्रांसफर हो गया। श्री गुप्ता ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात मोबाइलधारक के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर जांच में जुट गई है।

## दो साल से फरार महिला गिरफ्तार

नौकरी लगाने का झांसा देकर ठगी करने वाली दो साल से फरार महिला को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

कोतवाली पुलिस के अनुसार, वर्ष 2021, 22 में कुम्हारपारा करबला निवासी ममता लांझेकर पति राजेन्द्र अहिरवार को उनकी बेटी को जल संसाधन विभाग में नौकरी लगाने के नाम पर करबला कुम्हारपारा निवाी सविता प्रजापति पति स्व. मनोज प्रजापति 48 साल ने 3 लाख 50 हजार रुपए लेकर ठगी कर ली थी। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर महिला के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया था। घटना के बाद महिला पैतृक मकान बेचकर भाग गई थी। दो साल बाद पुलिस ने रायपुर पचपेंडी नाका सर्वोदय नगर से आरोपी सविता प्रजापति को गिरफ्तार कर लिया है।

## निगम एमआईसी में 14 मेंबरों के पद, सत्तापक्ष के पार्षदों की होगी एमआईसी में नियुक्ति
# मेयर इन कौंसिंल गठन को लेकर उठापटक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम में सभापति के निर्वाचन व अपील समिति के गठन पश्चात अब मेयर इन कौंसिल एमआईसी गठन को लेकर उठापटक शुरू हो गई है। नियमतः निर्वाचन के सप्ताहभर में एमआईसी का गठन हो जाना चाहिए। निगम के मेयर इन कौंसिल में मेंबरों के 14 पद हैं और सत्तापक्ष के पार्षदों को ही एमआईसी में जगह मिलती है।

नगर निगम में सत्ता परिवर्तन हो चुका है और इस बार के चुनाव में निगम में भाजपा की सत्ता आ गई है। प्रत्यक्ष प्रणाली से हुए चुनाव में जीतकर आई महापौर भाजपा की श्रीमती एल पद्मजा पूजा विधानी सहित सभी 70 वार्डों के पार्षदों ने शपथ ग्रहण भी कर लिया है। निगम में सभापति और अपील समिति का भी गठन हो गया है, जिसमें सत्तापक्ष के वरिष्ठ पार्षद विनोद सोनी को निर्विरोध सभापति चुना गया है। वहीं अपील समिति में तीन भाजपा के पार्षद एवं एक कांग्रेस के पार्षद को शामिल किया गया है। अब मेयर इन कौंसिल के गठन की बारी है और सभापति के निर्वाचन के सप्ताहभर भीतर एमआईसी का गठन होना है। इसलिए एमआईसी के लिए सत्तापक्ष भाजपा पार्षदों में उठापटक चल रही है। मेयर इन कौंसिल में वैसे तो 14 मेंबर होने चाहिए। लेकिन पिछले कांग्रेस कार्यकाल में पूर्व महापौर रामशरण यादव ने तीन विभागों को अपने पास रखा था और केवल 11 पार्षद एमआईसी में लिए गए थे।

इस बार जो नया एमआईसी बनना है उसमें कितने पार्षद लिए जाएंगे यह तो नए महापौर पूजा विधानी सहित भाजपा के नेताओं के ऊपर निर्भर करता है। लेकिन सत्तापक्ष के कौन-कौन से पार्षदों को एमआईसी में लेना है इसके लिए कवायद चल रही है।

### बिलासपुर से 8, बेलतरा के 3, बिल्हा से 2 व तखतपुर से 1 मेंबर

निगम सीमान्तर्गत आने वाले विधानसभाओं के भाजपा के विधायकों से भी उनकी राय ली जाएगी। निगम के 70 वार्डों में 38 वार्ड बिलासपुर विस में आते हैं जहां से 27 भाजपा के पार्षद जीतकर आए हैं। बेलतरा विस क्षेत्र में 16 वार्ड से 12, बिल्हा विस में 10 वार्ड में से 6 भाजपा पार्षद जीते हैं। तखतपुर क्षेत्र के 4 वार्ड में 3 भाजपा के पार्षद जीते हैं जबकि मस्तूरी क्षेत्र में 2 वार्ड से एक पार्षद भाजपा जीता है। भाजपा पार्षदों के जीत के अनुपात से मेयर इन कौंसिल में बिलासपुर विधानसभा से 8, बेलतरा से 3, बिल्हा से 2 व तखतपुर क्षेत्र से 1 पार्षद को लिया जा सकता है।

### एमआईसी बिना बजट अटक जाएगा

नगर निगम में नए एमआईसी का सबसे पहला महत्वपूर्ण काम होगा निगम का बजट को पास करना। क्योंकि निगम का जो बजट तैयार किया जाता है वह पहले एमआईसी में अवलोकन के लिए रखा जाता है । एमआईसी में बजट पास होने के बाद सामान्य सभा में रखा जाता है।

### सामान्य सभा हुए एक साल से ऊपर हो गया

नगर निगम में पिछले महापौर के कार्यकाल में सामान्य सभा 29 फरवरी 2024 को हुई थी जिसमें नगर निगम का बजट पास हुआ था। इस तरह से निगम में सामान्य सभा हुए एक साल से ऊपर समय हो गया है। सामान्य सभा हुए बिना ही पिछले पार्षदों का कार्यकाल समाप्त हो गया।

### अभी विधानसभा सत्र चल रहा

नगर निगम में नए मेयर इन कौंसिल का गठन जल्द होना है। अभी विधानसभा सत्र चल रहा है इसलिए इसमें थोड़ा समय लग रहा है। इसी तरह पहली सामान्य सभा भी होनी है, 30 मार्च तक सामान्य सभा कराई जा सकती है।

- पूजा विधानी, महापौर




जनता की जय–जनता का विजय
आप सभी आदरणीय जनों का विशेष आभार...
रामकुमार आर्य
राजेश शर्मा
भावना आशीष खत्री
पार्षद
डॉली दीपक जगवानी
पार्षद
श्याम कुमार आर्य (गुड्डू)
पार्षद
नीलम विजय वर्मा
अध्यक्ष
आशीष खत्री
दीपक जगवानी
गंगोत्री गोड़
संतोषी वर्मा
लगातार चौथी बार,जनता का प्यार
विजय वर्मा भा
पार्षद वार्ड 14
हितेश आहुजा
कमलेश नोनिया
नगर पालिका परिषद बोदरी के प्रथम निर्वाचित अध्यक्ष नीलम विजय वर्मा व पार्षदगण के
शपथ ग्रहण समारोह में पधार कर आशीर्वाद देने की कृपा करें। आप सभी सादर आमंत्रित है
दिनांक : 11 मार्च 2025, समय :– दोपहर 2 बजे, स्थान : सांस्कृतिक भवन, सब्जी मंडी, नगर पालिका परिषद बोदरी
अजय कलवानी
अध्यक्ष प्रतिनिधि बोदरी
निवेदक आम आदमी पार्टी परिवार छत्तीसगढ़
राम वासवानी
पार्षद प्रतिनिधि वार्ड 13

हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, मंगलवार 11 मार्च 2025

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255

# एसबीआर कॉलेज के छात्रों ने खेली होली





बिलासपुर। जरहाभाठा स्थित एसबीआर कॉलेज में छात्र-छात्राओं द्वारा रंगों का पर्व होली को मनाया गया,इस मौके पर छात्राओं ने एक-दूसरे को रंग लगाकर होली की बधाई दी। सोमवार को कॉलेज ग्राउंड होली के खुशनुमा माहौल में सराबोर दिखाई रहा।

# राम मंदिर से निकाली गई निशान यात्रा





घोंघा बाबा मंदिर परिसर स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में चल रहे फाल्गुन महोत्सव के दूसरे दिन सोमवार को भव्य निशान यात्रा निकाली गई। इसमें सैकड़ों भक्तों ने भाग लेकर मंदिर में निशान अर्पित किया। शाम को भजन संध्या के साथ फूलों की होली खेली गई।

### श्रृंगार में 7 प्रकार के आर्केट

भगवान श्याम का 5 प्रकार के गुलाब, मोर पंख माला, तुलसी, झारवेसरा, डेजी से श्रृंगार किया गया। भव्य श्रृंगार के बाद भगवान का दर्शन करने भक्तों की भारी भीड़ रही।

**भक्तों ने अर्पित किए 12 सौ निशान, भजनों की दी गई प्रस्तुति**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

तिलक नगर राम मंदिर से निकली विशाल रथयात्रा के साथ निशान अर्पित हुआ। लगभग 1200 निशान लिए भक्त अपनी भावना लिए नाचते गाते प्रभु के चरणों में अपनी ध्वजा अर्पित की। रास्ते में कई भक्त परिवारों ने निशान यात्रा का स्वागत कर बाबा श्याम की आरती की। निशान यात्रा का शुभारंभ मंदिर परिसर अध्यक्ष मंगतराय अग्रवाल ने सपरिवार बाबा श्याम के ज्योत लेने के साथ किया। संध्या आरती के बाद गुड़गांव से आए नरेश सैनी और जयपुर से आए 7 लोगों की टीम ने भक्ति गीतों की प्रस्तुति राजस्थानी धमालों के साथ देकर माहौल को भव्य बना दिया।

**आयोजन**

## रासेयो स्वयंसेवकों को इको फ्रेंडली गुलाल बनाने दिया गया प्रशिक्षण



**बिलासपुर**। पीएनएस महाविद्यालय में रासेयो स्वयंसेवकों को हर्बल गुलाल बनाने का प्रशिक्षण कार्यक्रम अधिकारी मोना केंवट ने प्रदान किया। इसका मुख्य उद्देश्य सूखी होली मनाना है, पानी को बचाना रहा। यह गुलाल टेसू के फूल, पालक जूस, हल्दी, अरारोट बेस मिला कर बनाया गया। स्वयं सेवक हेमलता करपे, स्मिता पैकरा, दीपिका केसर, संजीता बैगा, ललिता, उषा, रामप्यारी, दुर्गेश्वरी, अनिता बैगा ने यह प्रशिक्षण प्राप्त कर संकल्प लिया कि वे अपने हॉस्टल एवं घरों में अपने हाथों से बने गुलाल का उपयोग करेंगे।

**शिविर**

## कुटिया वृद्धाश्रम में माताओं के दांतों की जांच



**बिलासपुर**। अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन ने मातारानी की कुटिया वृद्धाश्रम में महिला दिवस के उपलक्ष्य में डेंटल हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया। इसमें दंत रोग विशेषज्ञ डॉ चांदनी गुप्ता ने 19 माताओं के दांतों की जांच कर दंत समस्याओं और उनके घरेलू उपचार व समाधान पर विस्तार से चर्चा की। उनको गर्गल लिक्विड व मसूड़ों के लिए ट्यूब निःशुल्क दिया गया। इस मौके पर संस्था की अध्यक्ष पिंकी मनीष अग्रवाल, सचिव सीमा प्रमोद अग्रवाल, प्रमिला तुलस्यान, शशि अग्रवाल उपस्थित रही।

## होली आनंदोत्सव में पानी की बौछार, म्यूजिक पर हर कोई थिरकेगा

गोलबाजार में हर वर्ष धूमधाम और आनंदपूर्वक होली का त्योहार मनाया जाता है। लोग पानी की बौछार और संगीत की धुन पर थिरकते हुए रंगों का त्योहार होली का आनंद लेते हैं। इस बार भी होली को यादगार बनाने तैयारी शुरू कर दी गई है।

**बिलासपुर**। गोलबाजार में विगत कई वर्षों से होली का आयोजन भव्य रूप से किया जाता है। इस बार भी इस उत्सव को मनाने नवयुवक दुर्गा समिति के सदस्य व पदाधिकारी जोर-शोर से तैयारी कर रहे हैं। शहर का सबसे ऐतिहासिक व चर्चित होली का कार्यक्रम यही होता है, जिसमें शहर के हर क्षेत्रों से लोग इस उत्सव में शामिल होने पहुंचते हैं। रंग-बिरंगे बैलून से पूरा




गोलबाजार सजा रहता है। इस कलरफुल सजावट में फव्वारे की बौछार और म्यूजिक की धुन में हर कोई यहां थिरकते रहता है। गुलाल व रंगीन कलरों में हर कोई सराबोर नजर आता है, होली के इस आनंद उत्सव में हर वर्ग के लोग इसमें आनंदित होते है। संरक्षक पूर्व महापौर राजेश पांडेय ने बताया कि इस उत्सव में बड़ी संख्या में लोग आते हैं और बड़ी सादगी और अनुशासन से होली के पर्व को मनाते हैं। यहां पर लोगों के लिए भोजन, स्नैक्स व मिठाइयां तक की व्यवस्था रहती है, जिसका हर कोई लुत्फ उठाता है।

### शहर में आकर्षण का केन्द्र

समिति के सदस्य अर्पित केशरवानी ने बताया की गोलबाजार की होली में शहर का ऐसा कोई वर्ग नहीं जो इसमें शामिल ना हो पाता हो। पूरा क्षेत्र रंगीन हो जाता है। दूर-दूर तक सिर्फ लोगों का हुजुम ही दिखाई पड़ता है। यह शहर के लिए आकर्षण का केन्द्र रहता है। इस बार भी इस उत्सव को मनाने तैयारी चल रही है।

## ब्रिज रास महोत्सव में होली गीतों ने माहौल को बनाया रंगमय

होली पर्व के पास आते ही शहर की महिला संगठनों द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन आरंभ कर दिया गया है। इसी क्रम में सोमवार को कई महिला संगठनों ने होली मिलन समारोह आयोजित किया। आर्यावर्त ब्राह्मण महासभा जिला बिलासपुर महिला प्रकोष्ठ ने ब्रिज रास होली महोत्सव का आयोजन किया।

गांधी चौक दयालबंद स्थित चतुर्वेदी काम्प्लेक्स में आयोजित इस कार्यक्रम में महिलाओं की टीम ने होली पर आधारित गीत, फाग गाकर माहौल को रंगमय बना



दिया। कार्यक्रम में 5 महिलाओं को पंचुअल्टी का इनाम दिया गया। अतिथि स्वागत के बाद संगीत मंडली ने वाद्य यंत्रों के साथ होरी पारंपरिक गीतों की प्रस्तुति दी। प्रसिद्ध गायकों ने होली स्पेशल धूम संगीत संध्या का परफॉर्मेंस दिया। संस्था की जिला अध्यक्षा दिव्या चतुर्वेदी ने आए हुए कलाकारों को स्नेह भेंट देकर स्वल्पाहार कराया। प्रदेश अध्यक्ष डॉ शोभा त्रिपाठी ने सभी को पर्व की शुभकामनाएं दी। प्रदेश सचिव मीनू दुबे ने होली गीत गाया। अंत में फूलों की होली खेली गई। इस मौके पर जिला सचिव शशि तिवारी, प्रेमलता दुबे, कृष्णा पाण्डेय, प्रियंका चतुर्वेदी, सरला शर्मा, सीमा तिवारी, तारणी शर्मा, अनामिका दुबे सहित अन्य बहनें उपस्थित रहीं।

## अबीर गुलाल लगाकर ब्राह्मण मातृशक्ति परिषद की होली

विप्र सामाजिक संगठन समग्र ब्राह्मण परिषद् की मातृशक्ति परिषद् ईकाई द्वारा आज राजकिशोर नगर स्थित जिलाध्यक्ष निवास पर होली मिलन का आयोजन किया गया। मातृशक्ति परिषद् की प्रदेश सचिव निलिमा शर्मा, शशि द्विवेदी एवं जिलाध्यक्ष रमा दीवान ने बताया कि होली मिलन समारोह का शुभारंभ परंपरागत फाग गीतों को गाकर किया गया उसके बाद एक.दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी गई। संगठन की प्रदेश संगठन विस्तार



प्रमुख राही दुबे एवं जिला सचिव अंजू ने आयोजन के उद्देश्य को विस्तारपूर्वक बताते हुये कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं बल्कि यह प्रेमए सौहार्द और एकता का प्रतीक है। ऐसे आयोजन समाज में भाईचारे को बढ़ावा देते हैं और अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ते है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी संगठन सहयोगियों ने स्वादिष्ट व्यंजनों और पकवानों का आनंद लिया,इस अवसर पर विभा पांडेय,स्वीटी दुबे, प्रीति पांडेय, श्वेता शर्माए, सरस्वती,सरिता तिवारी,माया दुबे सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद थी।

### महिलाओं ने गाए फाग गीत



प्रगतिशील ब्राह्मण समाज ने होली मिलन का कार्यक्रम राजस्व कॉलोनी के सामुदायिक भवन में आयोजित किया गया। जिसमें सभी ब्राह्मण महिलाओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। फाग गीत और भजन कीर्तन के साथ महिलाओं ने स्वरुचि भोज का आनंद लिया।

### देशी दिवाज ग्रुप की सदस्यों ने खेली फूलों की होली



एंकर देशी दिवाज ग्रुप ने होली मिलन मनाया। आयोजन की व्यवस्थापिका सुनैना नायर एवं श्वेता पटेल रही। कार्यक्रम की थीम होली के रंग राधा कृष्ण के संग थी। महिला समिति की अध्यक्ष पूजा वर्मा और शैल कश्यप ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

# महिला दिवस पर संगठनों ने किया नारी शक्ति का सम्मान

बिलासपुर। महिला दिवस पर शहर में विगत तीन दिनों से लगातार कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है, इस दौरान महिलाओं का सम्मान व कई तरह मनोरंजन कार्यक्रम भी आयोजित हो रहे है। इस दौरान बड़ी संख्या में चिकीत्सा, समाज व अन्य क्षेत्रों में महिलाएं काम कर रही है, उनको प्रोत्साहित किया गया।



## महिला चिकित्सकों को अवार्ड देकर सम्मानित किया गया

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के आईएमए भवन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर शहर की अनेक गणमान्य महिला चिकित्सक शामिल हुईं और 60 से 85 वर्ष से आयु की लगभग 46 महिला चिकित्सकों को अवार्ड देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में एडिशनल एसपी अर्चना झा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ आर ए शर्मा, डॉ शैला मिल्टन ने कार्यक्रम में भाग लिया। आईएमए बिलासपुर के अध्यक्ष डॉ गोपेंद्र सिंह दीक्षित एवं सचिव डॉ राजीव सखूजा ने समस्त नारी शक्ति को नमन करते हुए सभी को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ मंजू कुमारी एवं डॉ अनुश्री पेड़गांवकर ने किया। सरस्वती वंदना की सुंदर प्रस्तुति डॉ शैलजा घोष ने किया। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन डॉ आकांक्षा दीक्षित ने किया। इसमें बड़ी संख्या में डॉक्टरों का सम्मान किया गया।

## कैट इकाई ने महिलाओं का किया सम्मान

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स बिलासपुर इकाई द्वारा समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अग्रणी नारी शक्ति सम्मान कार्यक्रम का किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि एसपी स्पेशल ब्रांच दीपमाला कश्यप औषधि निरीक्षक खाद् सोनम जैन, डायरेक्टर एएसफन आशा अग्रवाल व कैट के प्रांतीय उपाध्यक्ष राजू सलूजा रहे। स कैट प्रांतीय अध्यक्ष राजू सलूजा ने मंच संचालित किया। कैट बिलासपुर के सचिव हीरानंद जयसिंह ने कहा कि हम उस शहर के वासी है जिसका प्रथम नागरिक महिला है, तथा आज देश के सभी सर्वोच्च पदों पर महिलाओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। किशोर पंजवानी ने सभी अतिथियों का



आभार जताया, संयोजक आशीष अग्रवाल व मंच संचालन किया, कार्यक्रम को सफल बनाने परमजीत उबेजा, हरदीप सिंह होरा प्रवीण सलूजा अरविंद वर्मा विद्युत मंडल सुरेंद्र अजमानी अनिल गुप्ता सुशील छाबड़ा परमजीत उबेजा श्रीकांत पांडे, विष्णु गुप्ता,अनिल गुप्ता दिलीप खंडेलवाल अन्य उपस्थित थे।

## महिलाओं ने खेले रोचक खेल, लगाया गुलाल

चंद्रा समाज की महिलाओं द्वारा महिला दिवस पर हेमा चंद्रा के निवास में बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम की होस्ट हेमा चंद्रा रही, उन्होंने सभी महिलाओं का सम्मान लाल गुलाब के साथ किया। समाज की बीसी के ग्रुप द्वारा अनेक मनोरंजक गेम खेले गए, जिसमें प्रथम लखेश्वरी एवं प्रीती चंद्रा रही। इस दिन को और भी यादगार बनाने के लिए सभी बहनों ने महिला दिवस पर अपने-अपने विचार व्यक्त किए साथ ही संकल्प भी लिया कि हम अपने अच्छे कार्यों द्वारा नई-नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेंगे। महिला दिवस से संबंधित एक विशेष गेम भी खेला गया जिसमें प्रथम



पुष्प लता चंद्रा रही। इस किटी पार्टी में घर में ही बना हुआ विविध लजीज व्यंजनों का लुफ्त उठाया गया। इसमें हेमा चंद्रा, लखेश्वरी, पुष्प लता, कपिल पूर्णिमा, रोशनी, कोमल, गंगा, गीता, प्रीति, सनत, विमला, सुनीता, लक्ष्मी, स्वाति, पूर्णिमा, उषा, भगवती एवं माधुरी चंद्रा शामिल थी।

## महिला बने आत्मनिर्भर,चुनौतियों का करे मुकाबला

लीनेस क्लब येन के द्वारा महिला दिवस का कार्यक्रम एरिया आफिस सचिव अर्चना तिवारी के निवास स्थान पर मनाया गया, इस अवसर पर नई सदस्य सलमा बेगम को एरिया एडवाईबर की शपथ मुख्य अतिथि वीणा अग्रवाल झरा दिलाई गई। अपने उदबोधन में वीणा अग्रवाल ने कहा कि



महिलाये आत्मनिर्भर बनें चुनौतियों का डटकर मुकाबला करे और दूसरों को भी प्रेरित करें क्लब की अध्यक्ष गायत्री कश्यप के द्वारा नगर निगम की नवनिर्वाचित महिला पार्षदों का सम्मान किया गया। इस दौरान वीणा अग्रवाल, एरिया आफिसर शोमा चाहिल, एरिया सचिव अर्चना तिवारी, एरिया एड्वाईजर सलमा बेगम रश्मिलता मिश्रा, शारदा कश्यप मौजूद रहें।

## जीवन का अस्तित्व बचाने घर से निकली आज हूं

छंदशाला की संयोजिका डॉ सुनीता मिश्रा के नर्मदा नगर स्थित आवास में प्रकृति के सान्निध्य में किया गया । जिसमें मुख्य अतिथि कवि सतीश पांडेय उद्यान और अध्यक्षता कवयित्री डॉ सर्वेश पाठक ने की कार्यक्रम का सफल संचालन छंदशाला की संयोजिका और कवियत्री डॉ. सुनीता मिश्र ने किया। कार्यक्रम में छंदशाला परिवार के सदस्य



और स्थानीय रचनाकार समेत बीस से भी अधिक लोगों ने काव्यपाठ कर कार्यक्रम को सफल बनाया। गोष्ठी के पूर्व छंदशाला के स्थापना दिवस समारोह आयोजित करने संबंधी आवश्यक चर्चा की गई। उसके बाद काव्यगोष्ठी का आगाज हुआ। गोष्ठी पूर्णतः महिला दिवस पर आधारित थी। जिसमें महिलाओं के प्राचीन स्वरूपों के साथ आधुनिक समाज में महिलाओं की स्थिति पर भी कवियत्रीऔर कवियों ने गीत रचना की थी।

## खबर संक्षेप

### महिलाओं का हर क्षेत्र में अमूल्य योगदानः अरूना



**सीपत।** ग्राम पंचायत जांजी में महिला दिवस व होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य अरूना चंद्र प्रकाश सूर्या शामिल हुईं। ग्राम पंचायत की महिलाओं ने अरूना चंद्र प्रकाश सूर्या का फूल मालाओं के साथ स्वागत, वहीं अरूना ने सभी को हाथ जोड़कर धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि यह मेरी जीत नहीं, आप सभी की जीत है। और मेरा प्रयास होगा कि इस क्षेत्र का अधिक से अधिक विकास हो। उन्होंने सभी को महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज के समय में महिलाओं का हर क्षेत्र में अमूल्य योगदान है। महिलाएं सशक्त हो रही हैं। आज कोई भी क्षेत्र ऐसा नही है जहां महिलाओं ने अपना लोहा ना मनवाया हो। आज की नारी किसी से भी कम नहीं है। इस दौरान अन्य महिलाओं ने भी अपने विचार रखे। इसके पश्चात महिलाओं ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्राम पंचायत जांजी की महिलाएं व अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### डोंगरिया स्कूल में एफएलएन मेले का आयोजन, छात्र-शिक्षक हुए शामिल



**लोरमी।** एक दिवसीय संकुल स्तरीय एफएलएन मेले का आयोजन हायर सेकेंडरी स्कूल डोंगरिया में सोमवार को किया गया। मेले में संकुल केंद्र के अंतर्गत आने वाले प्राथमिक शाला जमुनाही, डोंगरिया, कोसाबाड़ी, बघर्रा, गोंडपारा डोंगरिया, बघनी भांवर के छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक शामिल हुए। बच्चों द्वारा टीएलएम के माध्यम से गणित, भाषा, विज्ञान के संबंध में कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। संकुल श्रोत समन्वयक डीसी डाहिरे ने बच्चों के प्रर्दशन का अवलोकन कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। श्री डाहिरे ने कहा कि टीएलएम के माध्यम से बच्चे एक दूसरे को देखकर सीखते हैं, जिससे उनका बौद्धिक व मानसिक विकास होता है। बच्चों में सीखने की ललक होती है, वे एक दूसरे के सम्पर्क में आकर सीखते हैं। संकुल प्राचार्य रमा शंकर यादव बच्चों को एफएलएन मेले में टिप्स देते हुए कहा कि टीएलएम मेला बच्चों के सीखने के लिए बड़ा प्लेटफॉर्म है। इस तरह के आयोजन सभी संकुलों में होने चाहिए। संकुल समन्वयक राजेश कुंभकार ने कहा कि बच्चों के बीच प्रतिभा छिपी रहती हैत, हमें उसे निखारने की जरूरत है।

### संयुक्त शिक्षक मोर्चा ने डीईओ को सौंपा 13 बिंदुओं पर ज्ञापन



**मुंगेली।** संयुक्त शिक्षक मोर्चा संघ के द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी को 13 बिंदुओं पर ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में जिले के शिक्षकों की समस्याओं को अवगत कराते हुए शिक्षकों की समस्याओं को निराकरण करने एवं कार्यवाही करने की मांग की गई। ज्ञापन में सभी डीडीओ को सर्विस बुक का संधारण, प्रतियोगी परीक्षा उच्च शिक्षा स्वाध्यायी हेतु छूटे शिक्षकों के संबंध में चर्चा की गई। प्रतियोगी परीक्षा-उच्च शिक्षा स्वाध्यायी हेतु जिले भर सैकड़ों शिक्षकों ने सर्विस बुक में इंद्राज करने की अनुमति प्रदान करने, जिला स्तरीय परामर्श दात्री समिति की बैठक आयोजित कराने, परिवीक्षा अवधि समाप्त कर चुके सहायक शिक्षक के नियमितीकरण आदेश जारी करने एवं व्याख्याताओं के नियमितीकरण हेतु उच्च कार्यालय को प्रस्ताव भेजने की मांग की गई। नवनियुक्त प्रधानपाठकों का वेतन निर्धारण में इंक्रीमेंट जोड़ने में लापरवाही की गई है। रक्षा प्रशिक्षण 2023-24 में गड़बड़ी को लेकर स्कूलों के शिक्षकों को जारी नोटिस को वापस लेते किसी भी प्रकार के कार्रवाई से मुक्त करने की मांग की गई। इस अवसर पर दीपक वेंताल, मोहन लहरी, लक्ष्मीकांत जड़ेजा, बलराज सिंह ठाकुर, भूपेंद्र सिंह बंजारे, दिनेश निर्मलकर, नेमीचंद भास्कर, जितेंद्र घृतलहरे, भूपेंद्र घृतलहरे, महेंद्र सिंह ठाकुर, सुशील जांगडे, शैलेश कुर्रे सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### विवेकानंद स्कूल में संस्कृत भारती की बैठक



**मुंगेली।** अखिल भारतीय संस्था, संस्कृत भारती की इकाई मुंगेली के तहत विवेकानंद स्कूल में दोपहर 1 बजे बैठक रखी गई। जिसमें प्रांतीय संगठन मंत्री हेमंत साहू, जिला संयोजक कबीरधाम के अमित मिश्रा एवं नगर पालिका के नवनिर्वाचित अध्यक्ष रोहित शुक्ला ने संस्कृत भारती विचार गोष्ठी पंचम सत्र का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में कुंडा से संयोजक श्री शर्मा, श्री जैन, राम किंकर परिहार, रमेश कुलमित्र, बुद्धेश्वर उपाध्याय, चंद्रशेखर उपाध्याय, आचार्य वीरेन्द्र मिश्रा, अमरचंद्र बर्मन साथ में संस्कृत भारती के सदस्य एवं जिले के संस्कृत भारती के सदस्य उपस्थित रहे। अतिथियों की मौजूदगी में संस्कृत भारती गोष्ठी कार्यक्रम संपन्न हुआ। संस्कृत भारती मुंगेली के संयोजक डॉ. रामबाबू मिश्र सभी का आभार व्यक्त किए। आखिल भारतीय संस्कृत भारती संस्था के द्वारा मुंगेली नगर के नवीन नगर पालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला का स्वागत किया।

भाजपा समर्थित प्रत्याशी के खिलाफ नहीं आया कोई

# निर्विरोध जनपद अध्यक्ष चुनी गईं चित्ररेखा, दीपिका बनीं उपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ पथरिया

क्षेत्र में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के अंतिम चरण में सोमवार को जनपद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष चुनाव की प्रक्रिया संपन्न हई। बीजेपी समर्थित उम्मीदवार चित्ररेखा मनीष जांगड़े को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया वहीं दीपिका चंद्रशेखर कौशिक निर्विरोध उपाध्यक्ष के चुन लिए गए। पीठासीन अधिकारी एवं एसडीएम भरोषा राम ठाकुर ने दोनों निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को जीत का प्रमाण पत्र प्रदान किया।

चूंकि पथरिया जनपद के 25 जनपद सदस्यों में से 19 पर बीजेपी के उम्मीदवारों ने जीत हासिल की है, जबकि 6 पर कांग्रेस समर्थित या घोषित उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की है। इस तरह सारे आंकड़े बीजेपी के पक्ष में होने के कारण कांग्रेस ने उम्मीदवार नहीं उतारा और बीजेपी के दोनों उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए। बता दें कि अध्यक्ष चित्ररेखा एवं उपाध्यक्ष दीपिका पिछले पंचवर्षीय में भी जनपद के जनप्रतिनिधि रह चुके हैं। दीपिका सभापति रहीं तो वहीं चित्ररेखा जनपद सदस्य रहीं हैं।




विजयी प्रत्याशी को प्रमाण पत्र देते अफसर।

जनपद अध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद चित्ररेखा मनीष जांगड़े ने मीडिया से कहा कि भाजपा संगठन ने मुझ जैसे सामान्य कार्यकर्ता को जनपद अध्यक्ष बनाया है मैं इसके लिए सभी की आभारी हूं। उन्होंने कहा कि सभी जनपद सदस्यों को साथ लेकर क्षेत्र के विकास के लिये काम करूंगी। दीपिका चंद्रशेखर कौशिक ने भी भाजपा संगठन और नेताओं का आभार जताते हुए नवीन जिम्मेदारी को पूरी सत्य निष्ठा से निभाने की बात कही।

#### बीजेपी ने फिर चौंकाया

जनपद अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने उम्मीदवार घोषणा में सभी को चौंका दिया। जनपद चुनाव परिणाम आने के बाद से ही जनपद अध्यक्ष के लिये सुनीता चेलक का नाम सबसे आगे चल रहा था, वहीं उपाध्यक्ष के लिए रिंकू सिंह ठाकुर को प्रबल उम्मीदवार के रूप में देखा जा रहा था। लेकिन सोमवार को दोपहर 12 बजे अध्यक्ष के लिए चित्ररेखा जांगड़े और उपाध्यक्ष के लिये दीपिका कौशिक का नाम घोषित हुआ और दोनों निर्विरोध चुने गए।

#### पहली बार मुंगेली विस से अध्यक्ष

जनपद अध्यक्ष के पद पर पहली बार मुंगेली विधानसभा क्षेत्र के जनपद सदस्य को चुना गया है। इससे पहले बिल्हा विधानसभा क्षेत्र से निर्वाचित जनपद सदस्यों को ही भाजपा-कांग्रेस ने चुना था। इसके पीछे बड़ा कारण बिल्हा विधानसभा क्षेत्र से 15 से अधिक जनपद सदस्यों का निर्वाचित होना है, जबकि मुंगेली विस क्षेत्र में 10 से भी कम जनपद सदस्य निर्वाचित होते रहे हैं।

### कर्रा से रिंकू को निर्विरोध चुना गया उपसरपंच

**सीपत।** ग्राम पंचायत कर्रा में उपसरपंच के लिए रिंकू शर्मा निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। उपसरपंच निर्वाचित होने के बाद रिंकू शर्मा ने कहा कि सबको एकजुटता के साथ लेकर जनता के उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए पूरी मेहनत करूंगा और कर्रा के विकास को प्राथमिकता दूंगा।



### करनकापा से निर्विरोध उपसरपंच बने कौस्तुभ

**तखतपुर।** एनआईटी रायपुर से पास आउट कौस्तुभ कश्यप ग्राम पंचायत करनकापा से निर्विरोध उपसरपंच चुने गए हैं। कौस्तुभ एनआईटी रायपुर से इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रोनिक की डिग्री लेकर पासआउट हुए हैं। वे अपने दादाजी की तरह ही जनसेवा की भावना लेकर गांव की ओर लौटे हैं। ग्राम पंचायत करनकापा के निर्विरोध उपसरपंच निर्वाचित होने से पूर्व कौस्तुभ अपने वार्ड से भी निर्विरोध पंच निर्वाचित हुए थे। कौस्तुभ ने कहा कि सबके सहयोग से ग्राम पंचायत के विकास के लिए काम किया जाएगा और पंचायत क्षेत्र में किसी भी व्यक्ति को कोई असुविधा न हो इसका ख्याल रखा जाए।



### धरमपुरा से उपसरपंच बने योगेश

**धरमपुरा।** ग्राम पंचायत धरमपुरा में उपसरपंच चुनाव बहुत ही रोचक रहा। यहां से योगेश कश्यप एवं रामकुमार बंजारा उपसरपंच के लिए मैदान में थे। दोनों ही प्रत्याशियों को 10-10 वोट मिले और मामला बराबरी का रहा। मुकाबला ड्रॉ होने की स्थिति में टॉस की प्रक्रिया के माध्यम से योगेश कश्यप विजयी हुए। योगेश के उपसरपंच बनने पर उनके समर्थकों में भारी उत्साह देखा गया।



### जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष का फैसला आज

**मुंगेली।** जिला पंचायत मुंगेली के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष का ताज किसके सिर पर सजेगा इसकी घोषणा आज 11 मार्च को कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में हो जाएगी। जिला पंचायत में कुल 12 सदस्य हैं जिसमें 11 सदस्य भारतीय जनता पार्टी और 1 सदस्य कांग्रेस से हैं। अध्यक्ष पद अनारक्षित है, जिला पंचायत अध्यक्ष पद को लेकर भाजपा उत्साहित है।

जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष निर्वाचन कार्य मनियारी सभाकक्ष में संपन्न कराने के लिए पीठासीन अधिकारी अपर कलेक्टर जीएल यादव एवं सहायक तहसीलदार चंद्रकांत राही मौजूद रहेंगे। जिला पंचायत सदस्य के लिए सामान्य वर्ग के 3 सदस्यों ने जीत हासिल की है। कुछ लोग आरक्षित सीट तो कुछ लोग अनारक्षित वर्ग से चुनाव जीत कर आए हैं। प्राप्त सूत्रों के अनुसार अध्यक्ष बनने के कतार में सबसे मजबूत दावेदार भाजपा से श्रीकांत पाण्डेय, अंबालिका साहू और उमाशंकर साहू है। वही कांग्रेस में जिला पंचायत सदस्यों की संख्या नही रहने से चुनाव में कांग्रेस की दावेदारी नहीं नजर आ रही है। जिला पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का चुनाव निर्विरोध निर्वाचन की संभावना बताई जा रही है। जिला पंचायत में निर्वाचित जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 1 डिंडौरी से अनिता कोमल साहू, क्षेत्र क्रमांक 2 कोदवामहंत से समुंद सिंद्राम, क्षेत्र क्रमांक 3 बोड़तराकला से रत्ना संजय काठले, क्षेत्र क्रमांक 4 मनोहरपुर से शांति देवचरण भास्कर, क्षेत्र क्रमांक 5 औराबांधा से कुन्ती उदय जायसवाल, क्षेत्र क्रमांक 6 दशरंगपुर से श्रीकांत पाण्डेय, क्षेत्र क्रमांक 7 धरमपुरा से उमाशंकर साहू, क्षेत्र क्रमांक 8 सेतगंगा से रजनी मानिक सोनवानी, क्षेत्र क्रमांक 9 पण्डरभट्ठा से लक्ष्मीकांत भास्कर, क्षेत्र क्रमांक 10 लौदा से संतोषी परमेश्वर ठाकुर, क्षेत्र क्रमांक 11 जुनवानी से अनिला देवेन्द्र राजपूत, क्षेत्र क्रमांक 12 मोहभट्ठा से अंबालिका साहू जिला पंचायत सदस्य निर्वाचित हुई है।




### राजपत्रित अधिकारी संघ ने सीएम डिप्टी सीएम को भेजा मांग पत्र

**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ प्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ जिला शाखा के नेतृत्व में विगत दिवस जिला स्तरीय शिक्षक संवर्ग संगठनों द्वारा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन संयोजक कमल वर्मा को स्कूल शिक्षा विभाग के शिक्षक संवर्ग के लिए 62 के स्थान पर 3 वर्ष की वृद्धि कर अधिवार्षिकी आयु 65 वर्ष करने बाबत मांग पत्र सौंपा गया।



मांग पत्र सौपते राजपत्रित अधिकारी संघ।

जिला अध्यक्ष डॉ आईपी यादव ने बताया कि पूर्व राज्य शासन काल में जब शासकीय कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति आयु 58 वर्ष थी तब शिक्षकों की सेवानिवृत्ति आयु 60 वर्ष थी। इसी प्रकार जब राज्य शासन के शासकीय कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति आयु 60 वर्ष थी तब शिक्षकों की सेवानिवृत्ति आयु 62 वर्ष थी। वर्तमान में उच्च शिक्षा विभाग के प्राध्यापकों की सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष है तथा स्वास्थ्य विभाग के प्राध्यापकों एवं चिकित्सकों की सेवानिवृत्ति आयु भी 65 वर्ष है। चूंकि राज्य में स्कूल शिक्षा विभाग के शिक्षकों की संख्या सर्वाधिक है एवं इनकी सेवानिवृत्ति आयु में वृद्धि के फलस्वरूप छग शासन को अतिरिक्त वित्तीय भार भी नहीं होगा। मांग पूर्ण होने से विभाग को एक तरफ जहां योग्य एवं अनुभवी कर्मचारी मिलेंगे वहीं स्कूलों के शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गुणवत्ता में भी सुधार होगा। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रांताध्यक्ष गवर्नमेंट एम्प्लॉईस वेलफेयर एसोसिएशन केके नवरंग, प्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ जिला उपाध्यक्ष पीएस बेदी, जिला कार्यकारिणी सदस्य रामनाथ गुप्ता, सक्रिय सदस्य, डीएस राजपूत, ब्लाक अध्यक्ष मुंगेली डीएस लास्कर, शिक्षक फेडरेशन अध्यक्ष आरके वैष्णव, सचिव विक्रम सिंह ठाकुर, व्याख्याता संघ सचिव राजेश नाथ योगी, एकानंद तिवारी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### 202 बकायादारों की लाइन काटी विभाग ने की 9 लाख की वसूली

**मुंगेली।** बिजली विभाग द्वारा बकाया बिजली बिल वसूली के लिये जोर-शोर से अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में विद्युत बकायादारों की लाईन-विच्छेदन किया गया। टीमें के द्वारा मुंगेली, लोरमी एवं पथरिया क्षेत्र के बकायादारों की लाईन काटी गई। अभियान के 202 बकायादारों की लाइन काटी गई तथा मौके पर 9 लाख रूपए की वसूली की गई।

जिले में पंचायत चुनाव निपटने के साथ ही ग्रामीण तथा शहरी विद्युत बकायादारों के विरूद्ध कार्रवाई शुरू कर दी गई है। कार्यपालक निदेशक बिलासपुर एके अम्बष्ट तथा अधीक्षण यंत्री बिलासपुर एसके जांगड़े के द्वारा अलग-अलग टीमें बनाकर जिले में जमकर विद्युत बकायादारों की लाइन-विच्छेदन किया गया। टीमों ने पथरिया लोरमी एवं मुंगेली क्षेत्र के बकायादारों की लाईन काटी। इसी क्रम में 202 बकायादारों की लाइन काटी गई तथा मौके पर 9 लाख रूपए की वसूली मौके पर की गई। इसी संदर्भ में लोरमी क्षेत्र में पूर्व में बकायादार गोपाल प्रसाद डीमर ग्राम अखरार बकाया राशि 53510, अनिष जायसवाल ग्राम अखरार बकाया राशि 46600, सतीश सिंह राजपूत ग्राम अखरार बकाया राशि 38500, राजेन्द्र अहिरवार ग्राम घनाघाट बकाया राशि 35740 की विद्युत लाईन पूर्व में विच्छेदन किया गया था तथा निम्न उपभोक्ताओं के द्वारा बिना भुगतान के विद्युत सप्लाई जोड़कर चालू पाई गई। कनिष्ठ यंत्री लोरमी के द्वारा मौके पर पंचनामा तैयार कर विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135/138 में दोषी मानते हुए संबंधित थाने में प्रथम रिपोर्ट दर्ज की गई। इसी कड़ी में जांच दल ने विद्युत चोरों पर भी नकेल कसी जिसमे घनाघाट के सुभाष पटेल के डायरेक्ट हुकिंग का मामला सामने आया।



नारी जागरण कार्यशाला एवं नारी सम्मान समारोह का आयोजन

## अलग-अलग क्षेत्रों से 75 से महिलाओं को किया गया सम्मानित

**पेंड्रा।** गायत्री परिवार के डिवाइन ग्रुप के मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 9 मार्च को अंजनी वाटिका में विशाल नारी जागरण कार्यशाला एवं नारी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में दिया प्रांत सहसंयोजक ओमप्रकाश बलभद्रे ने प्रेरणादायक गीत प्रस्तुत किया।मुख्य अतिथि सुषमा केसरी परियोजना अधिकारी, विशिष्ट अतिथि अंजना करकटे टीआई गौरेला एवं मिशन के वरिष्ठ कार्यकर्ता शक्ति श्रीवास्तव ने दीप प्रज्वलित किया। इसके पश्चात उपस्थित अतिथियों का स्वागत करते हुए समस्त मातृ शक्तियों का पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। जिला संयोजक कंचन सिंह ने सभी का अभिनंदन किया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अति विशिष्ट अतिथि अंजना करकटे टीआई गौरेला ने कहा कि नारी सशक्तिकरण से समाज में समृद्धि आएगी। अब नारियां सभी क्षेत्र में प्रगति कर रही हैं, चाहे वह शिक्षा का क्षेत्र हो विज्ञान का क्षेत्र हो या प्रशासनिक क्षेत्र। उन्होंने सभी को सकारात्मक संकल्प शक्ति के साथ आगे बढ़ाने प्रेरित किया। मुख्य अतिथि परियोजना अधिकारी सुषमा केसरी ने कहा कि जब नारी अपने सच्चे स्वरूप की शक्ति को संकल्प को पहचान लेती है तो वह हर जगह को स्वर्ग सा सुंदर बना सकती है। उन्होंने कहा कि चुनौतियों और संघर्षों डरे नहीं बल्कि उसका डटकर सामना करें। नारी शक्ति है समाज की राष्ट्र की और समस्त जगत संसार की और नारी ही प्रगति का आधार है। नारी सम्मान समारोह के इस विशाल कार्यक्रम मे जिले के कोने-कोने से उन महिलाओं का सम्मान किया गया जिन्होंने समाज में कर्तव्य क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर अलग पहचान बनाई है। इस अवसर पर सामाजिक संगठन, धार्मिक संगठन, रामायण मंडली, क्लब, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, आंगनबाड़ी, स्वसहायता समूह, समाजसेवी, स्वच्छता, एवं गायत्री परिवार की महिला मंडल सहित कुल 75 से अधिक बहनों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के प्रमुख आयोजक डिवाइन ग्रुप दिया के जिला संयोजक कंचन सिंह, कोषाध्यक्ष आनंद कुमार साहू, प्रांत सहसंयोजक ओम प्रकाश बलभद्र,सुनीता रजक, अंजलि पटेल, सुषमा साहू, सरिता राठौर, सुनीता बलभद्र, प्रज्ञा वर्मा, राम बहादुर सिंह, गोलवती उइके, संरक्षक रावेंद्र शुक्ला, मूलचंद कुशराम, निधि राठौर, प्राची श्रीवास्तव, दीपा साहू, सावित्री श्रीवास, आदि ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाया।




सम्मान समारोह में शामिल महिलाएं।

### रंग-गुलाल व पुष्प होली बेहतर



**जरहागांव।** होली के मद्देनजर थाना परिसर जरहागांव में जनप्रतिनिधियों, नागरिकों तथा समितियों के साथ परिचर्चा का आयोजन थाना प्रभारी सुशील कुमार बंछोर, नायाब तहसीलदार प्रकृति ध्रुव की उपस्थिति में किया गया। उक्त आयोजन में मुख्य रूप से नवनिर्मित नगर पंचायत बरेला नगर अध्यक्ष नरेश पटेल, जरहागांव नगर अध्यक्ष रुपाली वेद प्रकाश कश्यप के साथ विशेष रूप से जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि पद्मनी मोहले तथा नवनिर्वाची सरपंच व पंचों को आमंत्रित किया गया। थाना प्रभारी सुशील कुमार बंछोर ने उपस्थिति जनप्रतिनिधियों व नागरिको से अपील करते हुए हिदायत दी कि होली पर्व मुखौटे लगाकर तथा खतरनाक रंगों का प्रयोग ना करें। साथ ही उन्होंने नाबालिगों को वाहन ना चलाने देने की सख्त हिदायत दी। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से होली पर शांति बनाए रखने की अपील की। इस अवसर पर नायाब तहसीलदार प्रकृति ध्रुव ने बताया कि होली शांतिपूर्ण एवं भाईचारे के साथ मनाएं, ताकि पुलिस को किसी के ऊपर कानूनी कार्रवाई ना करनी पड़े। परिचर्चा में नवनिर्वाचित पार्षद संतोष साहू, धीर सिंह बंजारे, सरपंच छतौना किरण श्रीकांत कश्यप, लक्ष्मीचंद मोहले दशरंगपुर, शंभू कश्यप लोहड़िया, तुकारामराम साहू बरदुली, रामखेलावन नेताम, डॉ रामकुमार साहू धनगांव, देवी साहू भठली कला, टेकलाल सेमरचुवा, नागेश्वर जायसवाल ठकुरीकापा, संतोष बंजारे भथरी, धन लाल टंडन केरशवाडीह, अनिल जायसवाल, विनय यादव, पदम, मिलन कुर्रे बिरगहनी, शैलेन्द्र मिरी खम्हरिया, विनोद कश्यप बिरगांव, मनीष कोल डाऊकापा, उमेश साहू फरहदा, राजेश कुमार जांगड़े, सतीश यादव खाम्हीकुर्मी, संतोष खांडे डोमनपुर, कुसुम गजानंद मरकाम अमलिकापा, छोटी नवरंग तेलियापुरान मौजूद थे।

### लालपुर पुलिस ने कहा- जागरूकता जरूरी



**लालपुर।** लालपुर थाना प्रभारी लक्ष्मण खूंटे के निर्देशन में पुलिस की टीम के दिलीप प्रभाकर, सुरेंद्र कोसले ने ग्रामीण क्षेत्रों में बाजारों का सघन दौरा कर लोगों को जागरूक करने हेतु बाजार में बेची जा रहे सामनों के बारे में बताया। आज के दौर में होली के पारंपरिक रंग-रूप में बदलाव साफ देखा जा सकता है। पहले जहां नगाड़ों की गूंज से गलियां और चौक-चौराहे गूंज उठते थे, वहीं अब डीजे और स्पीकर ने उनकी जगह ले ली है। तकनीक और आधुनिक साधनों के चलते पुरानी परंपराएं धीरे-धीरे विलुप्ति की ओर बढ़ रही हैं। इसके अलावा मार्च-अप्रैल में होने वाली परीक्षाओं ने भी बच्चों और युवाओं के उत्साह को प्रभावित किया है। पहले जब परीक्षाएं फरवरी में हो जाती थीं तब बच्चे बिना किसी दबाव के होली का आनंद लेते थे, लेकिन अब परीक्षा के तनाव के कारण वे खुलकर रंगों में नहीं डूब पाते। हालांकि, यह बदलाव सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टि से चिंताजनक है। पारंपरिक वाद्ययंत्रों को संरक्षित करने और होली के पारंपरिक उल्लास को बनाए रखने के लिए लोगों को जागरूक होना होगा।

### मस्तूरी में होली व रमजान मनाने की तैयारी



**मस्तूरी।** सोमवार को स्थानीय थाना परिसर में होली एवं रमजान के त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्रशासन और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने होली और रमजान के त्योहारों को शांति और सौहार्द के साथ मनाने की अपील की। बैठक में नायब तहसीलदार उमाशंकर लहरे, थाना प्रभारी हरिश्चंद्र टांडेकर एवं जनपद उपाध्यक्ष नितेश सिंह ठाकुर सहित कई गणमान्य नागरिक, व्यापारी एवं ग्राम कोटवार मौजूद रहे। थाना प्रभारी हरिश्चंद्र टांडेकर ने कहा कि होली के दौरान किसी भी तरह की असामाजिक गतिविधियां या झगड़े बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि कोई व्यक्ति शांति भंग करने की कोशिश करता है, तो पुलिस तत्काल कार्रवाई करेगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि त्योहार के दौरान नशे की हालत में वाहन न चलाएं और अपने घरों में ही सुरक्षित तरीके से त्योहार का आनंद लें। नायब तहसीलदार उमाशंकर लहरे ने कहा कि होली और रमजान दोनों ही सद्भावना और आपसी भाईचारे के प्रतीक है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में लोगों को जागरूक करें ताकि कोई भी अप्रिय घटना न हो और दोनों त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हों।

### रतनपुर शांतिप्रिय नगर, रहेंगे मिलजुलकरः कश्यप



**रतनपुर।** रतनपुर थाना परिसर में होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसका प्रमुख उद्देश्य सौहार्द पूर्वक त्यौहार मनाना एवं नगर में शांति व्यवस्था बनाए रखना था। इस बैठक में नगर पालिका के नवनिर्वाचित अध्यक्ष लवकुश कश्यप, मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं तहसीलदार, नवनिर्वाचित पार्षद एवं आसपास के नवनिर्वाचित सरपंच, उपसरपंच उपस्थित रहे। इस दौरान नवनिर्वाचित अध्यक्ष लवकुश कश्यप ने कहा कि हमारा शहर एक बहुत ही शांतिप्रिय शहर है जहां सभी लोग मिलजुल कर त्यौहार मनाते हैं। उन्होंने नगरवासियों से होली का त्यौहार बहुत ही शांतिपूर्ण ढंग से एवं सौहार्दपूर्ण पूर्वक मनाने की अपील की। रतनपुर थाना प्रभारी नरेश चौहान ने शांतिपूर्ण तरीके से होली मनाने एवं किसी भी प्रकार के गुंडे-बदमाशों के उत्पाद की सूचना तत्काल रतनपुर पुलिस को देने की बात कही। किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोकने 13 मार्च की रात से 14 मार्च तक निश्चित स्थान में पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल मौजूद रहेगी।

### बिल्हा में भाईचारे के साथ पर्व मनाने का निर्णय



**बिल्हा।** स्थानीय थाना परिसर में नगर शांति समिति की बैठक नायब तहसीलदार विनीता शर्मा, सीएसपी अनीता मिंज, थाना प्रभारी उमेश साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष वंदना जेंडर की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में भाईचारे, सौहाद्रपूर्ण व शांतिपूर्वक होली का पर्व मनाने का निर्णय लिया गया। सभी ने एकमत प्रशासन को सहयोग कर शांति से होली का त्योहार मनाने का निर्णय लिया। सीएसपी अनीता मिंज ने रंगों के पर्व होली को सौहाद्र पूर्वक मनाने की अपील की, साथ ही विद्युत तार के नीचे होलिका दहन ना करने, मुख्य मार्ग में होलिका दहन ना करने, रंग-गुलाल का उपयोग सद्भावना पूर्वक करने आदि पर जोर दिया।

## खबर संक्षेप

### भक्त माता कर्मा के नाम डाक टिकट जारी, तोखन ने जताया आभार



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार में मंत्री तोखन साहू ने भारत सरकार के ग्रामीण विकास एवं संचार राज्य मंत्री, डॉक्टर चंद्रशेखर पेम्मासानी को भक्त माता कर्मा के नाम से डाक टिकट जारी करने पर हार्दिक धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि यह निर्णय माता कर्मा जी के प्रति सम्मान का प्रतीक है और उनके महान योगदान को चिरस्थायी बनाएगा। इसी क्रम में मंत्री तोखन साहू ने डॉ. चंद्रशेखर पेम्मासानी को 25 मार्च को रायपुर में साहू समाज द्वारा आयोजित डाक टिकट अनावरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया। इस भव्य कार्यक्रम में समाज के अनेक गणमान्य नागरिक, श्रद्धालु एवं विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहेंगे। मंत्री श्री साहू ने कहा कि माता कर्मा की भक्ति, समर्पण और समाज सुधार के प्रति उनके योगदान को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का यह एक महत्वपूर्ण अवसर है।

### बच्चों के व्यक्तित्व विकास के लिए बचपन प्ले स्कूल में शिविर




**बिलासपुर।** मंगला चौक स्थित बचपन प्ले स्कूल में बच्चों के सार्वभौमिक एवं व्यक्तित्व विकास के लिए एक आकर्षक एवं रोचक शिविर का आयोजन 8 से 26 मार्च तक किया जाएगा। इस शिविर में नन्हे-मुन्ने बच्चों के मानसिक और उनके शारीरिक विकास के लिए योगा, संगीत, आर्ट एण्ड क्राफ्ट, पजल्स गेम (तर्कशास्त्र की क्षमता बढ़ाने हेतु) पपेट शो, बौद्धिक तथा गणितीय विकास के लिए अबेकस का आयोजन किया जा रहा है। इस अनूठे एवं आकर्षक शिविर का पंजीकरण कार्यालय में सुबह - 9 से 11.30 तक किया जा रहा है। साथ ही इस विद्यालय में नए सत्र हेतु प्रवेश प्रारंभ है।

### अज्ञेय नगर में फाग उत्सव का आयोजन



**बिलासपुर।** अज्ञेय नगर स्थित पं. सुनील पस्तोर के निवास स्थान पर होली मिलन फागोत्सव का आयोजन रखा गया। इस दौरान फाग गीतों की प्रस्तुति देते हुए होली मिलन समारोह मनाया गया। इस अवसर पर पं. शिवा मिश्रा, पं. आशीष शुक्ला, पं. रज्जन मिश्रा, पं. राजू शर्मा, पं. राकेश शर्मा, पं. मनोज तिवारी, पं. ब्रजेश पांडेय, पं. विनोद शुक्ला, मनीष श्रीवास्तव, नवीन कलवानी, जितेंद्र सिंह गौतम, महावीर परिहार, जे एस चंदेल एवं अन्य बंधुगण शामिल हुए। यह आयोजन स्व. पं. वृंदावन प्रसाद पस्तोर एवं स्व. राधा देवी पस्तोर के स्मृति में रखा गया था।

### ईडी की कार्रवाई संविधान पर हमलाः विजय

**बिलासपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष विजय केशरवानी ने कहा है कि पूर्व मुख्यमंत्री व अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव भूपेश बघेल के निवास पर ईडी की कार्रवाई लोकतंत्र और संविधान पर हमला है। संविधान सिर्फ एक दस्तावेज नहीं हमारे अधिकारों और लोकतंत्र की आत्मा है। लेकिन जब सत्ता में बैठी भाजपा सरकार इसे कमजोर करने पर तुली हो तब चुप रहना अन्याय को बढ़ावा देने जैसा है। हर नागरिक को यह समझना होगा कि यदि आज हमने संविधान की रक्षा के लिए आवाज नहीं उठाई तो कल हमारे अधिकार भी छीने जा सकते हैं। अब समय है जागने का सवाल उठाने का और अपने लोकतंत्र को बचाने का।

### कुंभ मेले में हजारों श्रद्धालुओं ने उठाया भंडारे का लाभ



**बिलासपुर।** धर्मयात्रा महासंघ विश्व हिन्दू परिषद काशी और छत्तीसगढ़ प्रांत के तत्वाधान में महाकुंभ प्रयाग के सेक्टर 6 में कल्पवासियों एवं श्रद्धालुओं के रहने और भंडारे का व्यवस्था की गई थी। डेढ़ माह तक चले इस महाकुंभ में धर्मयात्रा महासंघ एवं विश्व हिन्दू परिषद के केन्द्रीय मंत्री राजेन्द्र पंकज के नेतृत्व में भंडारे का आयोजन सफल रहा। इस भंडारे का रोजाना हजारों श्रद्धालुओं ने लाभ उठाया। यह जानकारी छत्तीसगढ़ के प्रांत अध्यक्ष बीएन मिश्रा ने दी। श्री मिश्रा ने भी अपने परिवार सहित महसकुंभ में सेवाएं दी और व्यवस्था में भाग लिया।

---

अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल टेक्नोलॉजीयुक्त 800 मेगावाट की नई इकाई लगेगी | पर्यावरण संरक्षण सामाजिक दायित्व व ऊर्जा प्रबंधन में मिले कई अवार्ड

# पर्यावरण संतुलन के साथ बिजली उत्पादन में सीपत को मिली पहचान



**बिलासपुर।** पर्यावरण संतुलन को कायम रखते हुए बिजली उत्पादन के साथ-साथ सामाजिक उत्तरदायित्व के क्षेत्र में भी एनटीपीसी सीपत ने नई उंचाइयां हासिल की है।

वर्तमान संसाधनों का उपयोग करते हुए यहां अल्ट्रा सुपरक्रिटिकल टेक्नोलॉजी की 800 मेगावाट की नई इकाई स्थापित की जा रही है। एनटीपीसी सीपत के कार्यकारी निदेशक विजय कृष्णा पांडेय ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सीपत स्टेशन एनटीपीसी के सर्वश्रेष्ठ स्टेशनों में से एक है। यहां प्रथम सुपर क्रिटिकल तकनीक आधारित 660 मेगावाट की 3 इकाइयां तथा 500 मेगावाट की 2 इकाइयां स्थापित हैं। यहां देश का प्रथम 765 केवी क्षमता का स्विचयार्ड स्थापित है। 2980 मेगावॉट की कुल स्थापित क्षमता के साथ सीपत स्टेशन एनटीपीसी का चौथा बड़ा संयन्त्र है। यहां से छत्तीसगढ़ सहित देश के सात राज्यों को बिजली की आपूर्ति की जा रही है। सीपत स्टेशन के स्टेज-3(1 x 800 मेगावाट) अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल परियोजना को पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति मिलने के उपरांत इसके निर्माण का कार्य बीएचईएल को अवार्ड हो चुका है।एनटीपीसी सीपत द्वारा वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान 88.40 प्रतिशत पीएलएफ के साथ 21,623.48 मिलियन यूनिट विद्युत का उत्पादन किया जा चुका है।

### सीपत एनटीपीसी को मिले पुरस्कार

- स्वर्ण शक्ति पुरस्कार – पर्यावरण संरक्षण और समग्र श्रेणी में उपविजेता।
- एनटीपीसी सीपत को पहली बार नेशनल एनर्जी लीडर अवार्ड।
- सीआईआई ऊर्जा प्रबंधन पुरस्कार 2024 – लगातार तीन वर्ष।
- सीईई तृतीय राष्ट्रीय पावर-जेन वाटर अवार्ड 2025।
- ब्रिटिश सेफ्टी काउंसिल द्वारा अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा पुरस्कार 2024।
- इकोनॉमिक टाइम्स फ्यूचर स्किल्स अवार्ड 2024 – क्षेत्रीय शिक्षण संस्थान सीपत।
- सीईई तृतीय राष्ट्रीय पावर-जेन वाटर अवार्ड 2025-विजेता
- मानव संसाधन उत्कृष्टता और नैगम सामाजिक दायित्व में एपेक्स इंडिया प्लेटिनम पुरस्कार
- 5 पीआरसीआई अवार्ड : प्रेरणात्मक फिल्म तथा रेडियो कमर्शियल में स्वर्ण,
- सामुदायिक समावेशी अभियान में सिल्वर तथा पब्लिक सर्विस पीआर इवेंट में ब्रांज विजेता।

### राखड़ एक संसाधन, बेहतर प्रबंधन

एनटीपीसी सीपत के द्वारा राखड़ की शत-प्रतिशत उपयोगिता सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न नवोन्मेषी पहल की गई है। जिससे राखड़ एक संसाधन के रूप में उपयोग हो रहा है। फ्लाई ऐश आधारित लाइट वेट एग्रीगेट प्लांट को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 4 मार्च को देश को समर्पित किया। एनटीपीसी सीपत की विशेष पहल के तहत राखड़ उत्पाद से कम लागत वाले ग्रीन हाउस 'सुख' का निर्माण किया जा रहा है, जिसकी लागत रुपए 1.5 लाख मात्र है। इसके अलावा एनटीपीसी सीपत से बिशरमपुर, दुग्गा और मणिकपुर की बंद खदानों में राखड़ भराव के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। एनटीपीसी के सभी स्टेशनों में से एनटीपीसी सीपत पहला स्टेशन है, जहां पर राखड़ से बनी ईंट की डीलरशिप 4 एजेंसियों को दी गई। चर्चा के दौरान महाप्रबंधक प्रचलन एवं अनुरक्षण अनिल शंकर शरण एवं अन्य महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष मौजूद थे।

### पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रतिबद्धता

श्री पांडेय ने बताया कि एनटीपीसी सीपत द्वारा अब तक 12.5 लाख से अधिक पौधरोपण किया जा चुका है, जिसमें से मियावाकी विधि से लगभग 94 हजार पौधरोपण किया गया है। वित्त वर्ष 24-25 में एनटीपीसी सीपत के द्वारा 55 हजार से अधिक पौधे लगाए जा चुके हैं।

### नैगम सामाजिक दायित्व को समर्पित

अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए कला व संस्कृति, शिक्षा, स्वास्थ्य, अवसंरचना, सड़क, सफाई, जल तथा प्रशिक्षण की मदों में 28 करोड़ राशि स्वीकृत की गई है, जिसके परिणामस्वरूप सीपत परियोजना प्रभावित गाँवों के लोगों की जीवन शैली में सुधार हुआ है। नैगम सामाजिक दायित्व के तहत परियोजना प्रभावित लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए मोबाइल स्वास्थ क्लिनिक वाहन की शुरूआत जून 2022 से हुई और इस वाहन से अबतक लगभग 36 हजार ग्रामीणों को चिकित्सा सुविधा दी जा चुकी है।

### 480 बालिकाओं को प्रशिक्षण

बालिका सशक्तिकरण अभियान के माध्यम से यहां 10 से 12 वर्ष की छात्राओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिसमें से बाल भारती पब्लिक स्कूल में अब तक कुल 39 बालिकाओं के पढ़ाने की जिम्मेदारी एनटीपीसी के द्वारा ली जा रही है।

### तालाबों का सौंदर्यीकरण, स्टेडियम का निर्माण

सीपत में स्टेडियम का निर्माण तथा गांवों के 25 तालाबों का गहरीकरण व सौंदर्यकरण का कार्य भी किया जा रहा है। शासकीय मदन लाल शुक्ला महाविद्यालय में स्मार्ट क्लासरूम तथा फर्नीचर ,सीआईपीईटी के द्वारा प्लेसमेंट प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

---

बिलासपुर के व्यापारियों और अन्य लोगों को मिलेगी सामान भेजने की सुविधा

# पुनर्विकास के साथ उसलापुर स्टेशन के सेकेंड एंट्री में रहेगा गुड्स शेड भी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आदर्श रेलवे स्टेशन उसलापुर को पुनर्विकास करने के साथ अब व्यापारी व अन्य वर्गो के लिए गुड शेड की सौगात भी रेल प्रशासन ने देने का निर्णय लिया है, जहां बिलासपुर स्टेशन की तरह व्यापारी व दूसरे लोग बाहर भेजने के लिए सामानों की बुकिंग कर सकेंगे।

रेलवे प्रशासन ने छोटे स्टेशनों की सुविधाओं को बढ़ाने के लिए अमृत भारत योजना की शुरुआत की है। इस योजना के तहत छोटे स्टेशनों की अपग्रेडेशन और नवीनीकरण किया जाएगा। रेलवे बोर्ड ने पहले ही बिलासपुर रेल मंडल के उसलापुर स्टेशन को आदर्श रेलवे स्टेशन का दर्जा दे दिया है। स्टेशन को भी विकास की मुख्य धारा में शामिल किया गया है। बिलासपुर रेलवे स्टेशन में यात्री गाड़ियों और मालगाड़ियों के दबाव को कम करने के लिए दुर्ग से बिलासपुर आने वाली चार मुख्य ट्रेनें दुर्ग-छपरा सारनाथ, दुर्ग-भोपाल अमरकंटक, मंगलवार और बुधवार को दुर्ग से रायपुर, भाटापारा होकर जम्मूतवी जाने वाली एक्सप्रेस के अलावा दुर्ग-निजामुद्दीन संपर्कक्रांति एक्सप्रेस को उसलापुर रेलवे स्टेशन से होकर चलाया जा रहा है, जिसकी वजह से बिलासपुर स्टेशन में भी यात्रियों की संख्या 7 हजार से कम और उसलापुर स्टेशन में यात्रियों की संख्या बढ़ गई है।



निर्माणाधीन उसलापुर रेलवे स्टेशन।

**वर्तमान में चलने वाले कार्यः** नए विकास में स्टेशन पर आवश्यकताओं के अनुसार बेहतर पहुंच मार्ग, द्वार, प्लेटफार्म शेल्टर, एलईडी नेम बोर्ड, पर्याप्त लाइटिंग, कैफेटेरिया, सीसीटीवी कैमरे, दिव्यांग फ्रेंडली शौचालय, और पार्सल के लिए जगह जैसी सुविधाएं शामिल होंगी। इसके अलावा, पार्किंग, सुंदरता के लिए गार्डन और डिजाइन किए गए साइनेज का भी विकास किया जाएगा।

### बन रही है सड़क

उसलापुर रेलवे स्टेशन के दूसरे छोर पर कालोनियों के साथ सकरी, तखतपुर, कानन पेण्डारी सहित अन्य ग्रामीण इलाके हैं, जहां से करीब 10 से 15 हजार की संख्या में लोगों का स्टेशन तक आना-जाना लगा रहता है। इन लोगों को पहले ओवरब्रिज पार करना मजबूरी हो जाती है, जिसके बाद वे स्टेशन के टिकिट काउंटर और गेट से प्लेटफार्म तक पहुंचते हैं। इन लोगों की सुविधा के लिए रेल प्रशासन ने उसलापुर ओवरब्रिज के बायीं ओर से सड़क का निर्माण कार्य शुरु कर दिया है, जो अंतिम चरण में हैं।

### काम चालू है

उसलापुर रेलवे स्टेशन में गुड शेड का निर्माण काफी पहले ही शुरु कर दिया गया है। बीच में यह कार्य कोयले के कारण बंद था। बिलासपुर के साथ उसलापुर में भी ट्रेनें अब काफी बढ़ने लगी है। बिलासपुर तक जो व्यापारी नहीं जा पाते हैं, उन व्यापारियों की सुविधा के लिए गुड शेड का निर्माण सेकेंड एंट्री की ओर किया जा रहा है।

**-अनुराग कुमार सिंह,** सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर

# गर्मी में यात्रियों की पहली पसंद हैं ट्रेनों के एसी कोच

**बिलासपुर।** गर्मी शुरु होते ही एसी कोच में सफर करने के लिए यात्रियों की भीड़ बढ़ गई है। स्लीपर से अधिक एसी कोच में यात्री सफर करना चाह रहे हैं, जिसकी वजह से वेटिंग 100 के पार पहुंच गई है। इसमें मथुरा, वृंदावन, जगन्नाथ पुरी के अलावा प्रयागराज और दिल्ली की ओर जाने वाली गाड़ियों में टिकिट कंफर्म होना मुश्किल हो गया है।

- **होली पर्व पर बाहर आने-जाने वाले यात्रियों की ट्रेनों में बढ़ रही भीड़**

मार्च की शुरुआत से ही गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक तेज धूप के कारण लोगों के घरों में पंखे कूलर चलने लगे हैं। वहीं स्टेशन प्लेटफार्म के नीचे बैठकर ट्रेन का इंतजार करने वाले यात्रियों के लिए भी 6 माह से बंद पंखों को रेल प्रशासन ने चालू कर दिया है, ताकि दोपहर की तेज गर्मी से यात्री पसीने से हलाकान न हो सके। इसी तरह गर्मी में ट्रेन के जनरल और स्लीपर कोच में सफर करने वाले यात्रियों का भी हाल बेहाल हो रहा है। पिछले कुछ दिनों से बिलासपुर से पुरी, मथुरा वृंदावन, बिहार और उत्तरप्रदेश की ओर जाने वाली ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ काफी बढ़ गई है। इन ट्रेनो में यात्री होली पर्व मनाने के लिए बाहर आना-जाना कर रहे हैं। इसके कारण मुख्य ट्रेन दुर्ग-छपरा सारनाथ एक्सप्रेस की वेटिंग 120 से अधिक, गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस में 98 से अधिक, बिलासपुर-पटना एक्सप्रेस में 80 से अधिक, दुर्ग-राजेन्द्रनगर साउथ बिहार एक्सप्रेस में 78 से अधिक वेटिंग के कारण यात्रियों की बुकिंग वेटिंग टिकिट क्लीयर नहीं हो पा रही है।

गर्मी से बचने के लिए यात्री स्लीपर से अधिक एसी कोच में सफर के लिए आरक्षण कार्यालय के साथ आनलाइन बुकिंग कर रहे हैं, जिसमें ज्यादातर यात्रियों को कंफर्म टिकिट नहीं मिलने की वजह से किराए की राशि वापस लेनी पड़ रही है। यात्रियों की अधिक भीड़ होने के कारण स्लीपर के साथ एसी कोच की वेटिंग ने भी शतक का आंकड़ा पार कर दिया है।

### तत्काल में भी वेटिंग

आरक्षण कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार प्रतिवर्ष गर्मी के मौसम में सारी ट्रेनों के एसी कोच की वेटिंग काफी बढ़ जाती है। एसी कोच में अगर एक भी वेटिंग हो तो उसे सफर करने की अनुमति नहीं है। इन दिनों गर्मी होने के बावजूद होली पर्व पर बाहर जाने वाले यात्रियों की संख्या अधिक हो गई है, जिससे तत्काल ओपन होते ही यात्रियों को मुश्किल से कंफर्म टिकिट मिल पा रही है।

---

# चुनाव के बाद शुरू हुआ जनदर्शन बुजुर्गों व महिलाओं ने की शिकायत



**बिलासपुर।** कलेक्टर ने अपनी साप्ताहिक नियमित जनदर्शन में लोगों की समस्याएं सुनी। जनदर्शन में आज जिले के आम लोगों के साथ ही बुजुर्ग महिलाएं एवं किसान अपनी समस्या के निराकरण के लिए कलेक्टोरेट पहुंचे। इस दौरान लोगों ने व्यक्तिगत एवं सामूहिक मामलों को लेकर आवेदन दिया। कलेक्टर ने मिलने पहुंचे हर व्यक्ति से मुलाकात कर उनकी परेशानी पूछी और इनके समुचित निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

जनदर्शन में ग्राम सीपत निवासी किसान ईश्वर प्रसाद सूर्यवंशी ने फसल नुकसान होने पर मुआवजा दिलाने कलेक्टर को आवेदन दिया। इस मामले को एसडीएम मस्तूरी देखेंगे। ग्राम खमतराई निवासी दुर्गा पाण्डेय ने शासकीय भूमि पर गायत्री साहू द्वारा अवैध कब्जा करने की शिकायत कलेक्टर से की है। इस मामले को एसडीएम बिलासपुर देखेंगे। सीपत तहसील के ग्राम बिटकुला नवापारा ग्रामवासियों द्वारा गौठान की भूमि पर अवैध कब्जा कर दोबारा भवन बनाने और तहसीलदार को जानकारी देने के बाद भी कार्रवाई नहीं करने की शिकायत की। कलेक्टर ने इस मामले को एसडीएम मस्तूरी को भेजा।

ग्राम उमरिया निवासी रामकुमार ने स्वयं की भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत कलेक्टर से की। इस मामले को एसडीएम बिल्हा देखेंगे।

# निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 175 लोगों ने कराई जांच



**बिलासपुर।** कलेक्टर के निर्देश पर सोमवार को जिला कार्यालय परिसर में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कलेक्टर ने भी शिविर में सेहत की जांच कराई। आयुष विभाग द्वारा यह स्वास्थ्य कैंप खासकर हृदय रोगियों की पहचान को लेकर लगाया गया। अधिकारी-कर्मचारी के साथ जनदर्शन में आए ग्रामीणों सहित कलेक्टोरेट आए विभिन्न लोगों की निःशुल्क जांच यहां की गई। शिविर में 175 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवाईयों का भी वितरण किया गया। कलेक्टर अवनीश शरण के निर्देश पर एनपीसीडीसीएस प्रोग्राम के अंतर्गत आयुष विभाग द्वारा जिला आयुष अधिकारी डॉ. यशपाल सिंह ध्रुव के मार्गदर्शन में यह स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। लोगों को स्वस्थ जीवन के लिए आवश्यक दिनचर्या, ऋतुचर्या, आहार विहार की जानकारी प्रदान की गई। आयुष विभाग से डॉ. निशांत कौशिक, डॉ. अनिल कुमार सोनी, डॉ. ओंकार सिंह राजपूत, डॉ. रश्मि श्रीवास, डॉ. विजया कश्यप, फार्मासिट बहोरन यादव, श्यामकुमार मारावी, मोहन टंडन, औषधालय सेवक ओमप्रकाश मित्रा, मनिराम यादव, संदीप साहू ने अपनी सेवाएं प्रदान की। लोगों को आवश्यकता अनुसार निः शुल्क दवाइयां और चिकित्सा परामर्श भी दिया गया। नगर निगम आयुक्त अमित कुमार, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल, सहायक कलेक्टर तन्मय खन्ना ने भी स्वास्थ्य जांच कराई।

# एलसीआईटी में राष्ट्रीय फार्मेसी शिक्षा दिवस का आयोजन



एजुकेशन प्लस

**बिलासपुर।** एलसीआईटी ग्रुप के फार्मेसी संस्थान में 6 मार्च को भारत के फार्मेसी शिक्षा के पिता कहे जाने वाले डॉ. महादेव लाल सराफ के जन्मदिन को राष्ट्रीय फार्मेसी शिक्षा दिवस के रूप में मनाया गया।

इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य डॉ. रितेश जैन एवं डॉ. संदीप गुप्ता ने डॉ. महादेव लाल सराफ के जीवन की प्रेरणा लेने की बात कही। और छात्रों को फार्मा उद्यमिता एवं स्टार्टअप के अवसरों की जानकारी दी। राष्ट्रीय फार्मेसी शिक्षा दिवस के अवसर पर संस्था के छात्रों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं का आयोजन किया गया, जिसमें फार्मा उद्यमिता एवं नवाचार विषय पर मॉडल प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें एलसीआईटी ग्रुप स्कूल ऑफ फार्मेसी एवं कॉलेज ऑफ फार्मेसी संस्था के 300 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। संस्था के चेयरमैन प्रमोद जैन एवं सचिव उपकार राय ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में अव्वल आने वाले प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समन्वयक निशा वर्मा एवं अनिमा विश्वास का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

---

प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर चल रही तैयारी पर दिए दिशा-निर्देश

# टीएल की बैठक में छह तहसीलदारों को थमाया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

टीएल बैठक में योजनाओं की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने आधा दर्जन तहसीलदारों को कारण बताओ नोटिस जारी किया। चखना सेंटरों में गदंगी पाए जाने पर नाराजगी जाहिर करते हुए आबकारी विभाग को भी फटकार लगाई। उन्होंने प्रधानमंत्री आगमन की तैयारी को लेकर अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।



मंथन सभागार में आयोजित टीएल की साप्ताहिक बैठक के दौरान कलेक्टर अवनीश शरण ने अधिकारियों से संवाद किया। उन्होंने सरकार की प्राथमिकता वाली योजनाओं की समीक्षा की। लंबित प्रकरणों को लेकर अधिकारियों से पूछताछ किया। एग्रीस्टेक योजना के तहत किसानों के पंजीयन में ढिलाई बरते जाने को बहुत गंभीरता से लिया। नाराज कलेक्टर ने जिम्मेदार आधा दर्जन तहसीलदारों को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिन में जवाब मांगा। कलेक्टर ने कहा कि संतोषप्रद जवाब नहीं मिलने पर कठोर कार्रवाई करेंगे। उन्होंने इस दौरान प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर सौंपे गए दायित्वों को आपसी तालमेल के साथ समय-सीमा में पूर्ण करने को कहा। कलेक्टर ने पीएम पोर्टल और मुख्यमंत्री जनदर्शन में मिले शिकायतों की समीक्षा की। एक-एक विभाग से जानकारी मांगा। उन्होंने बताया कि वर्तमान में विभिन्न विभागों से जुड़े लगभग 49 शिकायतें लंबित है। 13 मार्च तक सबका सार्थक निराकरण कर जिला कार्यालय को रिपोर्ट करने को कहा। इस दौरान कलेक्टर ने शहर की चखना सेंटरों में हो रहे प्लास्टिक कचरे की गंदगी को लेकर नाराजगी जाहिर किया। कहा कि स्वच्छता अभियान की झलक चखना सेंटर में भी देखने की जरूरत है। कलेक्टर ने जिला आबकारी विभाग को फटकार लगाते हुए कड़ी कार्रवाई की बात कही है।

एक सप्ताह में नगर निगम आयुक्त से प्रतिवेदन पेशन करने को कहा। अवनीश शरण ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के बड़ी संख्या में काम चल रहा है। इनमें किसी भी स्तर पर भ्रष्टाचार बर्दास्त नहीं किया जाएगा। सीधे जनपद पंचायत के सीईओ के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बैठक में प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर की जा रही तैयारियों की जानकार ली।

# यूटीडी में शिक्षकों की कमी समस्या को लेकर एयू पहुंचे छात्र

**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी के यूटीडी के छात्र-छात्राएं सोमवार को शिक्षकों की कमी, पूरी कक्षाएं नहीं लगने तथा बिना मेजरमेंट के कैंपस में स्पीड ब्रेकर लगाने जैसे मुद्दों को लेकर रजिस्ट्रार आफिस पहुंचे थे। रजिस्ट्रार के नहीं मिलने पर छात्र नाराज हो उठे और हल्ला मचाना शुरू कर दिया।



यूनिवर्सिटी यूटीडी के छात्रों का कहना है कि टीचिंग डिपार्टमेंट में शिक्षकों की कमी है, जिससे छात्र-छात्राओं की पढ़ाई बाधित हो रही है। छात्रों का कहना है कि मुश्किल से उनकी दो कक्षाएं ही हो पा रही है तथा कुछ की अभी तक कक्षाएं प्रारंभ नहीं हुई। शिक्षक यहां से लगातार छोड़कर जा रहे हैं। इसलिए जल्दी अतिथि शिक्षकों की भर्ती की जानी चाहिए। इसके साथ ही ज्ञानपथ में बिना मेजरमेंट किए बहुत से स्पीड ब्रेकर्स लगाए गए है, बेरिकेटस भी लगा दिए गए हैं। इससे दुर्घटना होने की आशंका ज्यादा बनी हुई है। इन सब मुद्दे को लेकर छात्र रजिस्ट्रार से मिलकर अपनी बात रखना चाहते थे, किन्तु रजिस्ट्रार के नहीं मिलने से छात्र नाराज हो उठे और उन्होंने चरणबद्ध आंदोलन करने की चेतावनी दे डाली। यूनिवर्सिटी पहुंचे छात्रों में सूरज सिंह, नीरज यादव, सौरभ दुबे आदि छात्र-छात्राएं शामिल रहे।

## खबर संक्षेप



### साहित्यकार दीनदयाल को पीएचडी की उपाधि

**लखराम।** साहित्यकार एवं थावे विद्यापीठ गोपालगंज बिहार के प्राचार्य दीनदयाल यादव को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। सोनपुर बिहार में आयोजित विद्यापीठ की वार्षिक अधिवेशन में देश के विभिन्न राज्यों से प्रतिष्ठित लोगों की उपस्थिति रही। यहां उपस्थित देश भर की महान विभूतियों ने फूलों की होली मनाई। थावे विद्यापीठ के वार्षिक अधिवेशन में कुलपति डॉ विनय कुमार पाठक एवं कुल सचिव डॉ पीएस दयाल यति द्वारा दीनदयाल यादव के शोधग्रंथ 'दिव्यांगताः समग्र अवदान' विषय पर पीएचडी की उपाधि उपाधि प्रदान की गई।

### अधिकारी कर्मचारी संघ को मिली मान्यता

**बोदरी।** छत्तीसगढ़ शासन सम्मान प्रशासन विभाग शासकीय कल्याण संघ शाखा मंत्रालय महानदी भवन नया रायपुर छत्तीसगढ़ निशक्त शासकीय अधिकारी कर्मचारी संघ को मान्यता प्रदान की गई है यह सब संजय पाठक अधीक्षक अभियंता जल संसाधन विभाग रायपुर के मार्गदर्शन में सफल हुआ है जिसमें प्रांताअध्यक्ष सी एम दीक्षित का विशेष योगदान रहा। यह जानकारी ब्लॉक अध्यक्ष निशक्त अधिकारी कर्मचारी संघ श्री लखन लाल दुबे ब्लॉक अध्यक्ष ने दी है। पंजीयन क्रमांक 44 70 निशक्त अधिकारी कर्मचारी संघ को मान्यता मार्गदर्शक संजय पाठक, अधीक्षण अभियंता जल साधन के मार्गदर्शन में प्राप्त हुई है। इस सफलता पर मस्तूरी अध्यक्ष डॉ अमितेश्वर टैगवार, बिल्हा ब्लॉक अध्यक्ष लखनलाल दुबे आदि ने आभार व्यक्त किया।

### होली को लेकर शांति समिति की बैठक आज

**सीपत।** होली के मद्देनजर आज शाम 5 बजे सीपत थाना परिसर में शांति समिति की बैठक रखी गई है। बैठक में मुख्य रूप से तहसीलदार सोनू अग्रवाल व नायब तहसीलदार देश कुमार कुर्रे उपस्थित रहेंगे। बैठक में क्षेत्र के सभी नवनिर्वाचित सरपंच, उपसरपंच सहित जनप्रतिनिधियों को उपस्थित होने कहा गया है। यह जानकारी थाना प्रभारी गोपाल सतपथी ने दी।

### अखण्ड नवधा रामायण का शुभारंभ 16 से

**तखतपुर।** रूद्र नगर बरेला में 16 से 25 मार्च तक अखण्ड नवधा रामायण का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन के आचार्य दिनेश पाण्डेय एवं यजमान बद्रा बाई, चीतराम पटेल, सीता बाई, दिलीप पटेल हैं। आयोजन की तैयारी में भोजवाराम पटेल, रामकुमार पटेल, रामफल, हरहीत पटेल, नरेश पटेल, ललिता बाई पटेल, मोहन पटेल, नरेंद्र पटेल, राजा राम पटेल, जगदीश यादव, गौतम पटेल सहित अन्य जुटे हुए हैं।

## निधन

### गणेश प्रसाद दुबे



**बिलासपुर।** मस्तूरी के ग्राम वेद परसदा निवासी पं. गणेश प्रसाद दुबे का सोमवार को निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार 11 मार्च को सुबह 9 बजे स्थानीय मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे पुत्तन, रानू दुबे के चाचा व हरप्रसाद, अयोध्या, बबलू, गुडली दुबे के पिता थे।

### के. रामकृष्णा राव



**बिलासपुर।** नागदौने कालोनी निवासी के.रामकृष्णा राव का सोमवार को सुबह 90 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे रेलवे के सेवानिवृत कर्मचारी थे। उनका अंतिम संस्कार भारतीय नगर स्थित मुक्तिधाम में सम्पन्न हुआ। वे के.कृष्ण कुमार एवं के. महेश कुमार के पिता थे।

### जय भाई चावड़ा



**बिलासपुर।** कालीबाड़ी बंगालीपारा सरकंडा निवासी जय भाई चावड़ा का सोमवार को 66 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा मंगलवार को सुबह 12 बजे निवास स्थान से सरकंडा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे सोमू भाई चावड़ा के पुत्र, विजय के भाई, चयन व वैभव चावड़ा के पिता थे।

### विरुणा रॉबिन्सन



**बिलासपुर।** ओम नगर जरहाभाठा निवासी श्रीमती विरुणा रॉबिन्सन का सोमवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार को शाम 4.30 बजे सिंधी कालोनी स्थित प्रभू की वाटिका में किया जाएगा। वे मनोज रॉबिन्सन की पत्नी, अनमोल व डॉ. अनुषा रॉबिन्सन की मां थीं।

## पानी की कमी से खेत में आई दरारें, फसल खराब, किसानों ने खेत को किया मवेशियों के हवाले





**तखतपुर।** गर्मी के धान की फसल को पर्याप्त पानी नहीं मिल पाने के कारण खेत में दरारें आ गई हैं, जिससे खेत के पौधों को किसान ने मवेशियों के हवाले कर दिया। ग्राम पकरिया में किसानों ने अपने अपने खेतों में धान की फसल लगाई है। कुछ किसानों को पानी नहीं मिल पा रहा है जिसके कारण धान के पौधे मरने की स्थिति में आ गए हैं। इतना ही नही जमीन इतनी सूख गई है कि पूरे खेत में दरारें आ गई हैं। किसान रामू ठाकुर ने बताया कि पानी की भारी किल्लत हो रही है जिससे गर्मी की धान की फसल प्रभावित हो रही है। जैसे-जैसे गर्मी बढ़ते जा रही है पानी की किल्लत और बढ़ गई है। स्थिति यह आ गई है कि पौधे सूखने की स्थिति में आ गए हैं, अब पानी मिल भी जाए तो शायद ही धान का यह पौधा तैयार हो पाऐगा। खेत कई फीट तक सूख गया है और इससे पूरे खेत में दरारें आ गई हैं। ऐसे में किसान को कोई उम्मीद नजर नहीं आ रही, इसलिए उसने खेत में मवेशियों को छोड़ दिया।

## वन संपदा सुरक्षित करने ग्रामीणों ने लिया निर्णय



बैठक में शामिल ग्रामीण।

■ वन्य अपराधों पर नकेल कसने किया जुर्माने का प्रावधान

**लोरमी।** अचानकमार टाइगर रिजर्व के ग्राम निवासखर में ग्रामीणों ने संगठित होकर स्वस्फूर्त अपने सामुदायिक वन संसाधन अधिकार के अंतर्गत आने वाले समस्त क्षेत्र की सुरक्षा एवं संरक्षण हेतु आगे आए। ग्रामीणों ने वनपरिक्षेत्र अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर वन्य अपराधों पर समिति के माध्यम से स्वयं जुर्माना निर्धारित किया।

एटीआर के सुरही वनपरिक्षेत्र अंतर्गत रविवार को बैठक का आयोजन ग्राम के सरपंच रामकुमार आर्मो की अध्यक्षता और सामुदायिक वन प्रबंधन समिति के अध्यक्ष प्रहलाद सिंह की पहल पर लिया गया। उक्त बैठक में गांव से महिला और पुरुष सहित लगभग 2 सौ ग्रामीणों की उपस्थिति रही। सभी उपस्थित ग्रामीणों ने मिल कर जंगल सुरक्षा हेतु अनेक निर्णय लिया। जिनमें गांव के जंगल को पेड़ो की कटाई और अतिक्रमण से पूर्ण रूपेण सुरक्षा करना, जंगल में आग लगाने वालों पर 2 हजार रुपए का जुर्माना, प्रतिदिन 20-25 के समूह में जंगल भ्रमण करना एवं जल संरक्षण हेतु नदी में दो स्थानों पर बोरी बंधान बनाने प्रस्ताव आदि शामिल है। इसके अतिरिक्त पूर्ण शराबबंदी कर दोषियों पर जुर्माना लगाने का निर्णय लिया गया। बैठक के बाद परिक्षेत्र अधिकारी सुरही विक्रांत कुमार को ग्रामीणों ने भूअभिलेख में सुधार करने आवश्यक कदम उठाने हेतु निवेदन किया। साथ ही पुराने वनरक्षक भवन को सामुदायिक वन प्रबंधन समिति के संचालन हेतु मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान परिक्षेत्र सहायक राजक, जकड़बांधा, परिसर रक्षक राजक सहित पैदल गार्ड सहित बड़ी संख्या ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## हत्या के प्रयास का फरार आरोपी पुलिस गिरफ्त में



■ 9 महीने से दे रहा था पुलिस को चकमा

**लोरमी।** पुलिस ने 9 महीने से फरार हत्या के प्रयास के आरोपी को पकड़ने में सफलता हासिल की है। मसना थाना क्षेत्र निवासी चंद्रकांत पिता दिलेश कश्यप उम्र 34 साल ने लोकनाथ कश्यप व कमल कश्यप के विरुद्ध 294, 506, 323, 307, 34 पंजीबद्ध कराया था। विवेचना के दौरान पुलिस ने आरोपी लोकनाथ कश्यप को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा दिया था। वहीं घटना का मुख्य आरोपी कमल कश्यप घटना के दिन से ही फरार हो गया था, जिसकी पुलिस लगातार तलाश कर रही थी। आरोपी के नहीं मिलने पर पुलिस ने उसके विरूद्ध फरार रहने की धारा 173 (8) जा फौ का अभियोग पत्र तैयार कर चालान न्यायालय मे पेश किया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी इसी दौरान मुखबीर से कमल कश्यप को ग्राम मसना के आसपास देखने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी कमल कश्यप को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसको न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। उक्त कार्रवाई मे समस्त थाना स्टाफ की भूमिका रही।

## आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर किया प्रदर्शन

## ट्रैक्टर की चपेट में आने से ग्रामीण की मौत





**मल्हार।** मल्हार चौकी क्षेत्र में सोमवार 10 मार्च को सड़क हादसे में एक ग्रामीण की मौत हो गई। हादसे से आक्रोशित ग्रामीण मौके पर प्रदर्शन करते हुए मुआवजे की मांग करने लगे। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मल्हार चौकी क्षेत्र के ग्राम मटिया में तिगड्डा चौक के पास बिल्हा थाना क्षेत्र के ग्राम अमलडीहा निवासी दुलरवा मेहर पिता हरिराम मेहर उम्र 55 वर्ष अपने एक अन्य साथी के साथ मवेशी लेकर कुटीघाट बाजार जाने को निकला था।

सुबह साढ़े 9 बजे के आसपास वह ग्राम मटिया के तिराहा चौक के पास पहुंचा तभी सामने आ रही ट्रैक्टर के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उसे अपनी चपेट में ले लिया। हादसा इतना भीषण था कि उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे परिजन और ग्रामीणों ने सड़क को घेरकर मुआवजे की मांग शुरू कर दी। सूचना पर मल्हार पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को समझाइश दी लेकिन ग्रामीण अपनी मांग पर अड़े रहे। सूचना पर मस्तूरी नायब तहसीलदार उमाशंकर लहरे मौके पर पहुंचे और मृतक के परिजनों को तत्काल सहायता राशि के रूप में 25 हजार रुपए प्रदान किया गया। साथ ही ट्रैक्टर मालिक ने भी 25 हजार की राशि फोन पे के माध्यम से प्रदान की। इसके बाद मल्हार पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने ट्रैक्टर सहित चालक को हिरासत में लेकर आगे की जांच शुरू कर दिया।

### घर में घुसकर मारपीट व बलवा के आरोपी गिरफ्तार



**लोरमी।** ग्राम कौहाबांधा में महिला के परिवार के साथ मारपीट कर बलवा करने वाले सात आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी अखिलेश वैष्णव ने बताया कि नर्मदा रजक पति देवीलाल रजक उम्र 45 साल ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि कौशल रजक, विवेकानंद रजक, रमाशंकर निर्मलकर, रोहित निर्मलकर, मनोज निर्मलकर, राजकुमार रजक एवं अशोक रजक ने उसके गर में घुसकर मारपीट की है। शिकायत पर पुलिस ने उक्त आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया। विवेचना के दौरान प्रार्थी एवं गवाहों के कथन के बाद आरोपियों को मामले में दोषी पाया गया एवं बीएनएस की धारा 296, 351(2), 115(2), 3(5) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। पुलिस ने सातों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। उक्त कार्रवाई में समस्त थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

### साइड मांगने पर युवक के साथ मारपीट, जुर्म दर्ज

तखतपुर। साइड मांगने पर एक युवक के साथ कुछ बदमाशों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दिया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार बेलसरी निवासी चोवा महिलांगे ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 10 आर 0206 ने अपने साथियों के साथ जा रहा था। वह निगारबंद राइस मिल के पास पहुंचा तो वहां चुनावी जुलूस निकल रहा था। उसने हार्न देकर साईड मांगा तो आरोपी अतुल, विक्की साहू, साहिल सूर्यवंशी, श्रयांश ने गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट कर दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने 115,2 296,3,5 324,4 351,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया है।

## होली को लेकर बच्चों और युवाओं में भारी उत्साह



बाजार में सजी रंग गुलाल की दुकान।

**मुंगेली।** होली पर्व नजदीक आते ही बच्चे और युवाओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है। होली को लेकर बाजार सज धज कर तैयार तो हो गया है। शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर प्रहलाद रूपी होली के लिए लोगोंने बांस गाड़ कर लकड़ियां इकट्ठी करनी शुरू कर दी है। इस बार होली के सामान के बिक्री के लिए तैयार हैं।

शक्कर से बनाई जाने वाली माला हरवा एवं रेडीमेट कपडों की दुकानो में भीड़ नजर आ रही है। नगर के मेन रोड गोल बाजार एवं दाऊपारा तथा पड़ाव चौक में सहित मुख्य मार्गो पर सड़क के किनारे रंग गुलाल एवं पिचकारियों की दुकाने लगी हुई हैं। इस बार मोटू-पतलू जैसे कार्टून कैरेक्टर की पिचकारियों के साथ-साथ शाहरूख- सलमान और हनी सिंग के बाल ब्रिक्री के लिए आए हुए है। रंग गुलाल में हर्बल गुलाल एवं तोता ब्रांड पसंद किए जा रहे हैं। पिचकारियों में गन, टैंक पिचकारी के अलावा डाइनोसार टेडी बियर पिचकारी बच्चों को लुभा रही है। तरह-तरह की आवाज निकालने वाले भोपु भी बच्चो को लुभा रहे हैं। होली में अजब-गजब रंग भरने के लिये तरह-तरह की टोपियं बाजार में ब्रिक्री के लिए उपलब्ध हैं। मलिंगा की चोटीनुमा बाल भी लोगों द्वारा पसंद किया जा रहा है। रंग गुलाल एवं पिचकारी विक्रेताओं ने बताया कि इस बार पिछले वर्ष की तुलना में ग्राहको द्वारा खरीददारी कम की जा रही है। त्यौहार नजदीक आते ही रंग गुलाल की मांग बढ़ेगी। दुकानदारो ने बताया कि मुर्गा टोपी के साथ-साथ रंगबिरंगे बाल ग्राहकों द्वारा पसंद किए जा रहे हैं। होली पर्व को लेकर इस वर्ष भी लोगों में काफी उत्साह का माहौल बना हुआ है।

### पेंड्रा की उपेक्षा को लेकर पीएम, सीएम को भेजा गया पत्र

पेंड्रा। जीपीएम में स्थित प्राचीन पेंड्रा जमींदारी राज्य की राजधानी की लगातार हो रही उपेक्षा को लेकर गायत्री शक्तिपीठ पेंड्रा के अध्यक्ष एलएन वैश्य ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को पत्र प्रेषित किया है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि पेंड्रा नगर 384 गांवों का एक क्षेत्र रहा है, जहां जमींदारी शासन रहा है एवं पेंड्रा नगर इसकी राजधानी रहा है। नया जिला बनने के बाद वर्तमान में पेंड्रा में पूर्ण तहसील आदिवासी विकासखंड नगरपालिका परिषद है। पेंड्रा क्षेत्र के अन्तर्गत आश्रित ग्राम पंचायत मिलाकर कुल 51 ग्राम पंचायतें हैं। पेंड्रा का क्षेत्रफल लगभग 40-50 किलोमीटर है, जिसमें अधिकतर वनांचल ग्रामीण क्षेत्रों में में आदिवासी निवास करते हैं। क्षेत्र के निवासियों को प्रशासनिक राजस्व प्रकरणों एवं बिजली कनेक्शन से संबंधित कार्यों के लिए 50-60 किलोमीटर दूरी तय कर मुख्यालय पेंड्रा रोड आना-जाना पड़ रहा है। जिला प्रशासन एवं विभिन्न विभागों के द्वारा लगातार जनप्रतिनिधियों एवं राज्य शासन को पेंड्रा से पेंड्रा रोड की दूरी 6 किलोमीटर होने की भ्रामक जानकारी दी जा रही है, जिसकी वजह से प्राचीन पेंड्रा शहर 40-50 वर्षों से लगातार उपेक्षा का शिकार हो रहा है।

### लोक अदालत में किया गया 1330 प्रकरणों का निराकरण

**पेंड्रा।** सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार शनिवार 8 मार्च को पूरे देश में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसी कड़ी मे पेंड्रारोड न्यायालय परिसर में भी नेशनल लोक अदालत लगाई गई । नेशनल लोक अदालत के माध्यम से ज्योति अग्रवाल वरिष्ठ खंडपीठ न्यायालय पेंड्रारोड में 653 प्रकरण, न्यायाधीश एकता अग्रवाल वरिष्ठ खंडपीठ न्यायालय पेंड्रारोड मे 2 प्रकरण, कनिष्ठ खंडपीठ पेंड्रारोड 455 प्रकरण, द्वितीय कनिष्ठ खंडपीठ पीठासीन न्यायाधीश सीमा जगदल्ला के न्यायालय में 220 प्रकरणों सहित कुल 1330 प्रकरणों का निराकरण किया गया। इसके अलावा भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, इंडियन बैंक छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक, नगर पालिका गौरेला, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल, बीएसएनएल के भी विभिन्न प्रकरणों का आपसी राजीनामा के माध्यम से निराकरण किया गया। इसके अलावा विभिन्न राजस्व न्यायालयों मे भी लोक अदालत के माध्यम से विभिन्न विवादों का निपटारा किया गया।

### अग्रसेन कॉलेज में मना महिला सम्मान समारोह

## कर्तव्यपथ पर अडिग रहकर आत्मनिर्भर बनें महिलाएं



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि एवं महिलाएं।

**बिल्हा।** शासकीय अग्रसेन महाविद्यालय बिल्हा में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्राचार्य डॉ सावित्री त्रिपाठी के मार्गदर्शन एवं अध्यक्षता में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्राचार्या एवं संरक्षक डॉ सावित्री त्रिपाठी ने सभी को महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह दिन महिलाओं के संघर्ष, शक्ति और समाज में किए गए उनके महत्वपूर्ण योगदान हेतु के लिए उन्हें सम्मानित करने का दिन है।

इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ डी मिंज, प्रो एस के अग्रवाल, डॉ एम आर ऑगर, डॉ एके गिरी, प्रो आईबीएस कंवर, प्रो शुभा वर्मा, डॉ आर पी शर्मा, एवं डॉ संजय भजनकर ने महिलाओं के अधिकारों और समानता पर जोर देते हुए छात्राओं को कर्तव्य पथ पर अडिग रहकर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। साथ ही प्रो खगेश पटेल ने महिलाओं के योगदान को निरूपित करने वाली कविता का पाठ किया। छात्राओं के लिए भारतीय पारंपरिक वेशभूषा प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं ने उत्साह और उमंग के साथ बढ़-चढ़ कर भाग लिया। साथ ही छात्राओं ने विविध भारतीय संस्कृति को निरूपित करने वाली वेशभूषा धारण कर कविता पाठ व गायन की प्रस्तुति दी जो आकर्षण का केंद्र रहा। मंच संचालन प्रो करुणा गायकवाड़, प्रो खगेश पटेल और प्रो रूपेन्द्र साहू ने किया। कार्यक्रम में प्रो डीएस टंडन, प्रो महेन्द्र उके, प्रो अल्का रात्रे, प्रो चित्रांगदा सिंह मरावी, प्रो जागृति शर्मा, प्रो प्रियंका द्विवेदी, प्रो विजय शंकर पात्रे, प्रो जागृति शर्मा, डॉ दीपक गुप्ता, प्रो गेंदलाल बंजारे सहित महाविद्यालय के अधिकारी-कर्मचारी एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति रही ।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्रमांक/Q/अति.तह./वा./2025
बिलासपुर, दिनांक 04.02.2025
ग्राम तिफरा

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम तिफरा प.ह.नं. 40, रा.नि.मं. बिलासपुर तहसील व बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका दुर्गा प्रसाद सूर्य. पिता/पति मनीराम सूर्य. निवासी ग्राम तिफरा के द्वारा मृतक/मृतिका पतैया बाई की मृत्यु दिनांक 18.01.2017 का प्रमाण पत्र जारी किये जाने का आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 17.03.25 को दावा आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 04.02.25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

**अतिरिक्त तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी बिलासपुर**

**आम सूचना**

मैं अपने आसामी सुनील कुमार पाण्डेय पिता स्व. सरयूग प्रसाद पाण्डेय निवासी अमन विहार चड्ढा बाड़ी मंगला तहसील व जिला बिलासपुर की ओर से अधिकृत एवं निर्देशित होकर सर्वसाधारण के लिये आम सूचना प्रकाशित कराता हूं कि मेरे आसामी द्वारा मधुबाला जान पति शनि जान निवासी-मंगला जिला बिलासपुर के स्वामित्व एवं हक की भूमि स्थित मौजा अमन विहार चड्ढा बाड़ी मंगला प.ह.नं. 35, रा.नि.मं. बिलासपुर तहसील एवं जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नंबर 156/5, रकबा 0920 वर्गफुट को क्रय करने का पक्का सौदा कर अग्रिम राशि प्रदान कर इकरारनामा निष्पादित कराया गया है और निकट भविष्य में उपरोक्त इकरारशुदा भूमि का पंजीयन कराया जायेगा। यदि उक्त संव्यवहार से किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, वित्तीय संस्थान या आमजन को किसी भी प्रकार की आपत्ति है तो मय दस्तावेज 07 दिवस के भीतर लिखित मे आपत्ति प्रस्तुत करें। उक्तानुसार अवधि अवसान पश्चात की गई दावा आपत्ति नाजायज एवं शून्य होगी। सो सूचना जाने।
दिनांक- 10/03/25
स्थान- बिलासपुर छ.ग.

**भवदीय**
**डी.एस.यादव, अधिवक्ता**
**ए-3 ब्लाक, अमन विहार चड्ढा बाड़ी मंगला तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग.**
**मो.नं. 8959570929**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल मोपका तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**सूचना**

क्रमांक/Q/ सीमांकन/रा.नि./2024
बिलासपुर दिनांक 20/02/2025

प्रति, 1. आवेदक राममनोहर निर्मलकर पि. स्व. समेलाल आवेदक के बताए अनुसार समीपस्थ भूमि स्वामी 2. बहोरिक 3. केदारनाथ पाण्डेय 4. खोरबहरा अन्य सभी हितबद्ध पक्षकार।
विषय:- सीमांकन में उपस्थिति बाबत।
संदर्भ:- न्यायालय तहसीलदार/ तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्रमांक Q/ तह. / ना.तह./वा. 2024 बिलासपुर, दिनांक 11/06/2024
ग्राम मोपका प.ह.न. 29 रा.नि.मं. मोपका तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 2504/2, 2507/9, 2504/1 रकबा 0.11, 0.08, 0.11 एकड़ हेक्टेयर के सीमांकन हेतु आवेदक राममनोहर निर्मलकर निवासी मोपका के द्वारा छ.ग. भू राजस्व संहिता, 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार/ तहसीलदार बिलासपुर को आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमाकंन दिनांक 21/03/2025 को समय 12:00 से 05 बजे के बीच किया जाना है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज के साथ मौके पर उपस्थित होवें एवं उक्त समय पश्चात की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**राजस्व निरीक्षक मोपका**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल मोपका तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**सूचना**

क्रमांक/Q/ सीमांकन/रा.नि./2024
बिलासपुर दिनांक 20/02/2025

प्रति, 1. आवेदक सुरेश मिश्रा, रमेश मिश्रा पिता शिवशंकर प्रसाद मिश्रा आवेदक के बताए अनुसार समीपस्थ भूमि स्वामी 2. अढ़ोलिया सा. मोपका 3. रामफल छात्रे सा. देवरीखुर्द
विषय:- सीमांकन में उपस्थिति बाबत।
संदर्भ:- न्यायालय तहसीलदार/ तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्रमांक Q/ तह. / ना.तह./वा. 2024 बिलासपुर, दिनांक 13/09/2024
ग्राम मोपका प.ह.न. 29 रा.नि.मं. मोपका तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 2504/3 रकबा 4336 वर्गफुट हेक्टेयर के सीमांकन हेतु आवेदक सुरेश मिश्रा, रमेश मिश्रा निवासी अन्नपूर्णा विहार गणेश नगर बिलासपुर के द्वारा छ.ग. भू राजस्व संहिता, 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार/ तहसीलदार बिलासपुर को आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमाकंन दिनांक 21/03/2025 को समय 12:00 से 05 बजे के बीच किया जाना है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज के साथ मौके पर उपस्थित होवें एवं उक्त समय पश्चात की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**राजस्व निरीक्षक मोपका**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल मोपका तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**सूचना**

क्रमांक/Q/ सीमांकन/रा.नि./2024
बिलासपुर दिनांक 20/02/2025

प्रति, 1. आवेदक विनय छात्रे पि. स्व. श्री रामफल छात्रे आवेदक के बताए अनुसार समीपस्थ भूमि स्वामी 2. सुरेश मिश्रा वगै. सा. अन्नपूर्णा विहार गणेश नगर बिलासपुर 3. खोरबहरा सा. मोपका 4. सुदन साहू सा. मोपका 5. मिलन साहू सा. मोपका
विषय:- सीमांकन में उपस्थिति बाबत।
संदर्भ:- न्यायालय तहसीलदार/ तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्रमांक Q/ तह. / ना.तह./ वा. 2024 बिलासपुर, दिनांक 13/09/2024
ग्राम मोपका प.ह.न. 29 रा.नि.मं. मोपका तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 2504/4 रकबा 4360 वर्गफुट हेक्टेयर के सीमांकन हेतु आवेदक विनय छात्रे निवासी चन्द्रशेखर आजाद नगर देवरीखुर्द के द्वारा छ.ग. भू राजस्व संहिता, 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार/ तहसीलदार बिलासपुर को आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमाकंन दिनांक 21/03/2025 को समय 12:00 से 05 बजे के बीच किया जाना है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज के साथ मौके पर उपस्थित होवें एवं उक्त समय पश्चात की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**राजस्व निरीक्षक मोपका**

**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**

**विवाह सूचना का प्रकाशन**

क्रमांक क/ /वाचक/अति-कले/2025
बिलासपुर, दिनांक 04.03.2025

श्री बुधनारायण साहू आत्मज श्री घनाराम साहू उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम तितुरगहन थाना सनौद तहसील गुरूर जिला बलोद छ.ग. एवं कुमारी संगीता साहू आत्मजा श्री सजीवन साहू उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम टेकर थाना सीपत तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग.

द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः प्राप्त सूचना का प्रकाशन सर्व साधारण के लिए दैनिक समाचार पत्र में किया जाता है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में दिनांक 17.04.2025 को प्रातः 11:00 बजे प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।


बुधनारायण साहू


संगीता साहू

**विवाह अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**

**विवाह सूचना का प्रकाशन**

क्रमांक क/ /वाचक/अति-कले/2025
बिलासपुर, दिनांक 04.03.2025

श्री देवेश दत्त वैसवाड़े (तलाकशुदा) आत्मज स्व. आर.के. वैसवाड़े, उम्र 58 वर्ष निवासी श्याम नगर, संतोषी मंदिर के पास पो. रविग्राम, थाना तेलीबांधा तहसील व जिला रायपुर छ.ग. एवं चंद्रकांता (तलाकशुदा) आत्मजा श्री नरसिंह नाथ योगी उम्र 43 वर्ष निवासी गोंड़पारा डॉ. माया दुबे नर्सिंग होम के पास कुर्मी छात्रावास थाना सिटी कोतवानी तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग.

द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः प्राप्त सूचना का प्रकाशन सर्व साधारण के लिए दैनिक समाचार पत्र में किया जाता है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में दिनांक 17.04.2025 को प्रातः 11:00 बजे प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।


देवेश दत्त


चन्द्रकांता

**विवाह अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)**


हमने बनाया है
हम ही सँवारेंगे
जनपद पंचायत बिल्हा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष
डॉ. रामकुमार कौशिक एवं
उपाध्यक्ष श्री विक्रम सिंह
तथा माननीय सदस्यों के
शपथ ग्रहण समारोह
में आप सभी अतिथियों का
स्वागत एवं अभिनंदन...
डॉ. रामकुमार कौशिक
अध्यक्ष
जनपद पंचायत बिल्हा
कार्यक्रम
दिनांक - 11 मार्च 2025, मंगलवार
समय - दोप. 03 बजे से.....
स्थान- कार्यालय जनपद पंचायत बिल्हा
विक्रम सिंह
उपाध्यक्ष
जनपद पंचायत बिल्हा

## चौक-चौराहों पर ऑटो वालों का कब्जा



इंदिरा सेतु के पहले मोड़ के आसपास ऑटो वालों का कब्जा।



नेहरू चौक पर ऑटो वालों के कब्जे के कारण चलने की जगह नहीं रहती है।



महाराणा प्रताप चौक पर आधी सड़क तक ऑटो व बस खड़ी रहती है इससे ट्रैफिक जाम होता है।

## खबर संक्षेप

### बैरीकेड हटाने पार्षद ने सौंपा ज्ञापन

**बिलासपुर।** सिरगिट्टी क्षेत्र वार्ड नंबर 10 के पार्षद पुष्पेन्द्र साहू ने पंजाबी मोहल्ला के मुख्य मार्ग पर पिछले एक वर्ष से व्यक्तिगत रूप से घर के बाहर बैरीकेड लगाने की शिकायत कलेक्टर से की है। बैरीकेड लगाने से वहां के लोगों आवागमन पर परेशानी उठानी पड़ रही है। जिसके कारण 30 फीट की सड़क 10 फीट में सिमट गई है। मुख्य मार्ग होने के कारण यहां से रोजाना लाखों लोग आवागमन करते हैं।

### गांजा तस्करी मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** गांजा तस्करी के मामले में फरार आरोपी को पुलिस ने राजस्थान से गिरफ्तार कर लिया है। रतनपुर टीआई नरेश चौहान ने बताया, 13 सितंबर 2024 को स्विफ्ट कार क्रमांक एसआर 51 एएम, 8554 में गांजा तस्करी करते राजेश शर्मा धीरजपुर मेहाड़ा राजस्थान, निलाचन बेहरा, विकास पात्रो बिरीकोट अढ़भा गजपति ओडिशा को पकड़कर 101. 300 किलो गांजा बरामद किया था। पुलिस ने दोनों तीनों तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। घटना के दौरान आरोपी मनोज कुमार सैनी पिता फूलचंद सैनी 20 साल मोड़ी, मेहाड़ा निमकाथाना राजस्थान निवासी गाड़ी से उतकर भाग गया था। पुलिस उसके पतासाजी में लगी हुई थी। तकनीकी साक्ष्य के माध्यम से पुलिस ने राजस्थान में पतासाजी कर फरार आरोपी मनोज कुमार सैनी को गिरफ्तार कर लिया है।

### चाकू लहराने वाला युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** सार्वजनिक स्थान में चाकू लहराकर लोगों को डराने धमकाने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। तारबाहर पुलिस को सूचना मिली भारत माता स्कूल के पास स्टेशन जाने वाले मार्ग में एक युवक चाकू रखकर आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा है। पुलिस ने मौके पर दबिश देकर के डीकेश्वर राव पिता के जनार्दन राव 24 साल आरपीएफ कालोनी निवासी को चाकू सहित पकड़ लिया है। पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

### लालखदान के रंजन गर्ग को नोटिस

**बिलासपुर।** जिलाबदर के प्रकरण में कलेक्टोरेट कोर्ट से लालखदान के रंजन गर्ग को नोटिस जारी किया गया है। पुलिस ने उक्त नोटिस तामील कर दिया है। एसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर तोरवा थाना के गुण्डा बदमाश लालखदान देवरीखुर्द हाउसिंग बोर्ड कालोनी निवासी रंजन गर्ग के खिलाफ जिलाबदर करने का प्रस्ताव बनाकर कलेक्टोरेट भेजा गया था। उक्त प्रकरण में तोरवा टीआई अभय बैस का बयान हो गया है। कलेक्टोरेट कोर्ट ने 17 मार्च तक बयान देने कोर्ट में प्रस्तुत होने रंजन गर्ग के खिलाफ नोटिस जारी किया है।

### कलेक्टर अवनीश शरण से चर्चा कर लौटे अधिवक्ता

# नए तहसील कार्यालय का शुरू हुआ विरोध अधिवक्ता संघ ने किया जमकर प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोनी में प्रस्तावित तहसील कार्यालय निर्माण को लेकर जिला अधिवक्ता संघ के तत्वावधान में वकीलों ने जिला प्रशासन के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान करीब 200 से अधिक वकीलों ने कलेक्टर कार्यालय का घेराव कर नारेबाजी की। वहीं वकीलों ने अन्य अधिकारियों के बजाए कलेक्टर को ही ज्ञापन सौंपने पर अड़े रहे, इस दौरान 1 घंटे तक गहमागहमी के बीच वकीलों ने अपनी मांग पर कलेक्टर से चर्चा की। कलेक्टर अवनीश शरण ने वकीलों की मांग को लेकर उच्च अधिकारियों पर पहुंचाने का आश्वासन दिया है।

कोनी में नए तहसील कार्यालय बनाने के लिए बजट की स्वीकृति राज्य सरकार द्वारा की गई है। इसे लेकर जिला अधिवक्ता संघ और वकीलों का गुस्सा फूट पड़ा है। वकीलों का कहना है कि इससे दूरदराज से आने वाले आवेदकों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ेगा, वहीं तहसील कार्यालय के ज्यादातर दस्तावेज कलेक्टर कार्यालय में नस्तीबद्ध किए जाते है, जिससे प्रकरणों के निबटारे में जबरिया लेटलतीफी की जाएगी। ऐसे में नया कार्यालय कोनी के बजाए मौजूदा तहसील कार्यालय परिसर में ही बनाया जाए। राज्य शासन के निर्णय के खिलाफ वकीलों ने उग्र प्रदर्शन किया। कलेक्टर चेंबर के सामने वकीलों ने जमकर नारेबाजी करते हुए विरोध दर्ज कराया। इस दौरान ज्ञापन लेने के लिए एडीएम शिव बनर्जी मौके पर पहुंचे तो वकीलों के साथ उनकी तीखी बहस हो गई। अधिवक्ता कलेक्टर को ही ज्ञापन देने की बात को लेकर खड़े रहे। आखिरकार कलेक्टर अवनीश शरण की समझाइए के बाद प्रदर्शनकारी वकील शांत होकर वापस लौट गए।



कलेक्टर अवनीश शरण से चर्चा करते अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी।

### कमिश्नर कार्यालय को लेकर भी आपत्ति

वकीलों ने प्रशासन पर जबरदस्त तरीके से रोष दर्ज किया। दरअसल वकीलों की आपत्तियों के बावजूद प्रशासन की ओर से कमिश्नर कार्यालय कोनी में बनाया जा रहा है। करीब 10 करोड़ की लागत से बन रहा कमिश्नर कार्यालय लगभग 90 फीसदी पूर्ण हो चुका है, वकीलों का कहना है कि इस बात कई बार ज्ञापन सौंपा गया है, इसके बावजूद कमिश्नर कार्यालय कोनी में बनाया जा रहा है, ऐसे में राजस्व प्रकरणों की सुनवाई के लिए वकीलों को 5 किमी दूर कोनी जाने की जरूरत पड़ेगी, जिससे श्रम और रूपए की बर्बादी होना तय है। ऐसे में वकीलों ने कलेक्टर अवनीश शरण से मांग करते हुए कमिश्नर कार्यालय की व्यवस्था शहर के बीचोंबीच रखने की मांग की है। इस बारे में कलेक्टर ने उच्च अधिकारियों तक बात पहुंचाने का आश्वासन भी दिया है।

### यह है वकीलों की मांगें

वकीलों का कहना है कि तहसील कार्यालय और उसके आसपास अवैध दुकाने हैं। सड़क पर खड़े ऑटो यातायात बाधित कर रहे हैं। इन समस्याओं की वजह से न केवल अधिवक्ताओं को परेशानी होती है, बल्कि आम नागरिकों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने प्रशासन से इन समस्याओं का तत्काल समाधान करने की मांग की।

### एडीएम बनर्जी से तीखी बहस

प्रदर्शन के दौरान अधिवक्ताओं की एडीएम शिव बनर्जी के साथ तीखी बहस हुई। वकीलों ने अपनी मांगें रखते हुए कलेक्टर को मौके पर बुलाने की जिद की। इस दौरान माहौल काफी गरमा गया, लेकिन वकीलों ने अपनी बात पर अडिग रहते हुए प्रदर्शन जारी रखा।

### कलेक्टर की उपस्थिति में चर्चा

वकीलों का प्रदर्शन उग्र होता देख कलेक्टर स्वयं चेंबर से बाहर निकले और अधिवक्ताओं के साथ बातचीत की। कलेक्टर ने अधिवक्ताओं की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और उन्हें आश्वासन दिया कि इन मुद्दों का समाधान जल्द से जल्द किया जाएगा। वकीलों को कहना है की तहसील कार्यालय को कोनी शिफ्ट किए जाने से वकीलों के साथ ही आम लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा।

# खेतों में खड़ी है धान की फसल, बिजली विभाग दे रहा कनेक्शन काटने की धमकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

इन दिनों ग्रामीण इलाकों में गर्मी के धान की फसल लहलहा रही है, जैसे जैसे गर्मी बढ़ रही है, वैसे वैसे इस फसल को अधिक पानी की जरूरत पड़ रही है, वहीं पंचायत चुनाव पूरा होते ही बिजली विभाग के अफसर किसानों को एकमुश्त 40-50 हजार रुपए बिजली का बिल भेजकर कनेक्शन काटने की धमकी दे रहे हैं। दो दिन बिजली नहीं मिलने से पूरी फसल चौपट होने का खतरा है, इसलिए ग्रामीण इलाकों में हड़कंप मचा हुआ है।

- किसानों को दिया जा रहा एकमुश्त 40-50 हजार का बिल

जिले के किसानों के द्वारा डबल फसल लेते हुए इस बार भी गर्मी के धान की खेती की गई है, फसल का डेढ़ माह का समय बीत चुका है, प्राकृतिक संसाधनों से पानी की पूर्ति के बाद भी पंप कनेक्शनों के द्वारा खेतों में पानी सप्लाई की जा रही है। बिजली विभाग द्वारा किसानों को पंप कनेक्शन भी दिए गए हैं, लेकिन यह पंप कनेक्शन ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी है।

### विधायकों से शिकायत

एकाएक बिजली बिल मिलने और कनेक्शन काटे जाने की धमकी दिए जाने से नाराज ग्राम पोंड़ी के किसानों ने विधायक धर्मजीत सिंह, धरमलाल कौशिक से शिकायत की है। किसानों का कहना है कि उनके पुराने बिजली बिल का शिविर लगाकर पहले निपटारा करना चाहिए, किसान यह जानते ही नहीं हैं कि उन्हें एकाएक इतना अधिक बिल क्यों दिया जा रहा है। दूसरी बात यह है कि इस समय खेतों में फसल खड़ी है, यदि एक दिन भी पानी नहीं मिलेगा तो फसल को बहुत अधिक नुकसान होगा, ऐसे में कनेक्शन काटने की धमकी नहीं दी जानी चाहिए।

दरअसल विभाग ने करीब 3 से 5 सालों के पंप कनेक्शनों का बिल सीधे किसानों को भेज रहा है, ऐसे में ग्रामीण किसानों को 40-50 हजार रूपए का बिल मिल चुका है, जिसके बाद गांव में हड़कंप मच चुका है। वहीं विभाग के अधिकारी सालों का बिल एक बार में नहीं पटाने पर सीधे कनेक्शन काटने की बात कह रहे हैं, जिसके बाद किसानों को फसलों की चिंता सताने लगी है।

### मार्च में करना है टार्गेट पूरा

बिजली विभाग के आला अधिकारियों की बैठक इस माह हो चुकी है, जिसमें अधिकारियों को एरियर्स वसूली का टार्गेट दिया गया है। मार्च माह में टार्गेट वसूली पूरी की जानी है, लेकिन बिजली अधिकारी सीधे सालों का बिल एक बार में वसूलने का तरीका अपना लिया है। पंप कनेक्शनों पर किसानों को प्रति मीटर 100 रूपए प्रति माह के तौर पर देय किया जाना है, 5 सालों से बिजली विभाग सोता रहा है, और अधिकारियों की फटकार के बाद एकाएक किसानों को बिल थमाया जा रहा है, जिससे किसानों की मुसीबत बढ़ चुकी है।

# 3 हजार 177 नग मोबाइल पार्ट्स सहित 2 गिरफ्तार



**बिलासपुर।** पुलिस ने दो लोगों को पकड़कर उनके पास से 3 हजार 177 नग मोबाइल व पार्ट्स बरामद किया है। चोरी के संदेह पर मोबाइल जब्त कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

तोरवा टीआई अभय सिंह बैस ने बताया, मुखबिर से सूचना मिली हेमूनगर ओवरब्रिज के पास दो लोग चोरी के मोबाइल की खरीदी बिक्री करने के लिए खड़े हुए हैं। पुलिस ने मौके पर दबिश देकर तौसीक खान पिता नसीफ खान 28 साल चुचुहियापारा गणेशनगर, नीमचंद विश्वास पिता सिराज विश्वास 24 साल बड़गंगा पश्चिम बंगाल निवासी को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर 4 प्लास्टिक की बोरी में विभिन्न कंपनियों की 3 हजार 177 नग मोबाइल व पार्ट्स मिले। पुलिस ने दोनों से मोबाइल के दस्तावेज पेश करने को कहा। दोनों दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाए। पुलिस ने चोरी के संदेह पर मोबाइल जब्त कर बीएनएस की धारा 35, ई, 317, 4 के तहत दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

टीआई श्री बैस ने बताया, प्रारंभिक पूछताछ में दोनों ने गली मोहल्ले में फेरा लगाकर सामान के बदले खराब मोबाइल लेना बताया है। उन्होंने बताया, साइबर सेल के माध्यम से जब्त मोबाइल का पतासाजी की जाएगी।

### पत्नी ने लोको पायलेट को पीटा, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** लोको पायलेट से मारपीट कर दांत से काटकर जख्मी करने वाली पत्नी के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, जरहाभाठा पन्ना नगर निवासी सहायक लोको पायलेट दिलेश्वर टोण्डर ने रिपोर्ट लिखाई। वर्ष 2022 में उसकी आकांक्षा टोण्डर से शादी हुई थी और उनकी दो साल की बेटी है। उन्होंने आरोप लगाया कि पत्नी घर में कोई काम नहीं करती है, हमेशा मोबाइल चलाने में बिजी रहती है। 8 मार्च की सुबह 11.30 बजे उनकी पत्नी बोली तबियत ठीक नहीं हास्पिटल लेकर चलो। तब लोको पायलट ने कहा खाना बनाकर जाएंगे। इतना सुनते ही पत्नी पर्स से पैसा निकालकर जाने लगी। साथ चलने की कहीं तो वह गाली गलौज करने लगी। आसपास के लोगों ने गाली देने से मना तो हाथ व मुक्का से मारपीट करते हुए नाखून से खरोचा और दांतों से बाए हाथ की कोहनी को काट कर जख्मी कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट पर पत्नी आकांक्षा टोण्डर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

# 3 माह से रद्द जम्मूतवी आज से दौड़ेगी पटरी पर

**बिलासपुर।** सप्ताह में मंगलवार और बुधवार को दुर्ग से रायपुर, भाटापारा और उसलापुर होकर जम्मूतवी विस्तारित ऊधमपुर तक जाने वाली ट्रेन 17 जनवरी से 6 मार्च यानि 3 माह तक रद्द की गई थी, जिसका परिचालन मंगलवार 11 मार्च से एक बार फिर से शुरु हो रहा है। इस ट्रेन के चलने से सबसे अधिक राहत मजदूरों को मिलेगी, जो प्रदेश से बाहर कमाने-खाने के लिए जाते हैं।

एसईसीआर बिलासपुर जोन और प्रदेश स्तर पर चलने वाली जम्मूतवी विस्तारित ऊधमपुर एक्सप्रेस में सामान्य यात्रियों के साथ मजदूरों की सबसे अधिक संख्या में भीड़ रहती है। इस ट्रेन को रेल प्रशासन ने जम्मू डिवीजन में अधोसंरचना व अन्य कार्यों के नाम पर पहले 10 जनवरी तक बंद करने का आदेश जारी किया गया था, जिसे बाद में बढ़ाकर 6 मार्च तक कर दिया गया। पूर्व में जारी किए गए नोटिफिकेशन के अनुसार 15, 22, 29 जनवरी, 5, 12, 19, 26 फरवरी को दुर्ग से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 20847 दुर्ग-ऊधमपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस, 17, 24, 31 जनवरी, 7, 14, 21, 28 फरवरी को ऊधमपुर से रवाना होने वाली 20848 ऊधमपुर-दुर्ग सुपरफास्ट एक्सप्रेस, 14, 21, 28 जनवरी, 4, 11, 18, 25 फरवरी एवं 4 मार्च को दुर्ग से रवाना होने वाली 12549 दुर्ग-ऊधमपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस, 16, 23, 30 जनवरी, 6, 13, 20, 27 फरवरी एवं 6 मार्च को ऊधमपुर से रवाना होने वाली 12550 ऊधमपुर-दुर्ग सुपरफास्ट एक्सप्रेस के पहिए थमे हुए थे। प्रति मंगलवार और बुधवार को चलने वाली ट्रेन के रद्द होने के कारण दुर्ग से लेकर रायपुर, भाटापारा, उसलापुर, पेण्ड्रारोड व अन्य स्टेशनों के यात्रियों को परेशानी हो रही है, जिन्हें दूसरी ट्रेनों में पहले दिल्ली और दिल्ली के बाद दूसरी ट्रेन से जम्मू स्टेशन तक जाना मजबूरी हो गई थी। 17 जनवरी से 6 मार्च यानि तीन माह तक रद्द होने वाली जम्मूतवी एक बाद फिर से पटरी पर मंगलवार से आ रही है, जिसके दिल्ली, पंजाब और जम्मू की ओर जाने वाले यात्रियों को काफी राहत मिलेगी।




### मजदूरों को हुई परेशानियां

सप्ताह में प्रति मंगलवार और बुधवार को छत्तीसगढ़ के दुर्ग से रवाना होकर रायपुर, भाटापारा, दाधापारा से डायवर्ट होते हुए उसलापुर से कटनी मुरवारा होकर जम्मूतवी विस्तारित ऊधमपुर जाने वाली सुपरफास्ट एक्सप्रेस में सामान्य यात्रियों के अलावा सबसे अधिक भीड़ मजदूरों की रहती है। इस ट्रेन में सफर करने के लिए यात्री रायगढ़, जांजगीर-चांपा, कोरबा व अन्य जिलों से स्टेशन तक पहुंचते हैं, जिन्हें दिल्ली, अंबाला कैंट और जम्मू के अलावा कटरा स्टेशन तक जाने की सुविधा मिल जाती है। यात्रियों की भीड़ के कारण ट्रेन के स्लीपर और एसी कोच में सफर के लिए वेटिंग की कतार लगती है। रेल प्रशासन ने ट्रेन को मार्च तक रद्द कर दिया था। इससे दुर्ग से लेकर उसलापुर तक हजारों यात्रियों के साथ फरवरी माह से कमाने-खाने के लिए बाहर जाने वाले मजदूरों को काफी परेशानियां उठानी पड़ी।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

# कोनी टीआई सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अवैध शराब मामले में गिरफ्तार सात आरोपियों को न्यायालय से जमानत मिल गई। कोनी टीआई नवीन देवांगन ने आरोपियों के पुराने आपराधिक रिकॉर्ड को न्यायालय में पेश नहीं किया, जिससे उन्हें राहत मिली। इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए एसपी रजनेश सिंह ने कोनी टीआई को निलंबित कर दिया है।

कुछ दिन पहले कोनी क्षेत्र के लोफंदी गांव में महुआ शराब पीने से नौ लोगों की मौत हो गई थी। इस घटना के बाद एसपी ने अवैध शराब बिक्री पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए थे। पुलिस ने विभिन्न इलाकों में छापेमारी कर सात आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। हालांकि, पुलिस ने आरोपियों के पुराने आपराधिक मामलों को केस डायरी में शामिल नहीं किया। इसका फायदा उठाकर आरोपियों ने जमानत याचिका दायर की, जिसे अदालत ने मंजूर कर लिया। इस चूक पर एसपी रजनेश सिंह ने नाराजगी जताते हुए इसे गंभीर लापरवाही माना और टीआई नवीन देवांगन को निलंबित कर दिया।

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है

नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।

1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।

अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।

संपर्क करें- 7837411411

Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport

online Booking:-www.tripuryatra.com

Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour

09 मई से 20 मई 2025, 06 जून से 17 जून 2025, 25 जुलाई से 5 अगस्त (सावन में) (12 दिन)

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर

नेपाल विदेश यात्रा

पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी

11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।

राशिः-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)

Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road

संपर्क करें:-7354-411411